36 वां स्थापना वर्ष

# समवेत शिखर

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25
गौरव उत्सव स्वर्णिम संकल्प

वर्ष-36 अंक-165 | रायपुर, सोमवार 03 नवंबर 2025 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com

## फर्स्ट कालम

### खंडवा में मदरसे से 20 लाख के नकली नोट मिले

**खंडवा।** मध्यप्रदेश के खंडवा जिले के पैठियां गांव के मदरसे में इमाम जुबेर अंसारी के कमरे से करीब 20 लाख रुपए के नकली नोट बरामद हुए हैं। बैग में 500-500 रुपए के नोट के बंडल थे। पुलिस ने नोटों की गिनती की तो 19 लाख 78 हजार रुपए के नकली नोट निकले। मामले का खुलासा तब हुआ जब मालेगांव पुलिस ने जुबेर और उसके साथी नजीम अकम अयूब अंसारी को 10 लाख के नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद जावर थाना क्षेत्र के रहने वाले एक शख्स ने मीडिया रिपोर्ट्स में देखा कि दो में से एक आरोपी तो पैठियां गांव की मस्जिद का इमाम जुबेर है।

### नैनीताल में ट्रैवलर खाई में गिरा, 2 की मौत, 16 गंभीर

**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल में टूरिस्टों से भरा टेम्पो ट्रैवलर 50 फीट गहरी खाई में गिर गया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और 16 गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, ड्राइवर सहित 18 टूरिस्टों का दल बाबा नीब करौरी के कैंची धाम में दर्शन के बाद दिल्ली लौट रहा था। टेम्पो ट्रैवलर में एक ही परिवार के लोग सवार थे। जब वाहन ज्योलीकोट के मटियाली बैंड के पास पहुंचा, तो अचानक ड्राइवर का नियंत्रण हट गया। वाहन करीब 50 फीट गहरी खाई में जा गिरा। घायलों के मुताबिक, टेंपो ट्रैवल का ड्राइवर नशे में था और उसको गाड़ी चलाने से रोका भी था। लेकिन वह नहीं माना और गाड़ी भगा दी।

### 'बाहुबली' अनंत सिंह को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**पटना।** जन सुराज समर्थक दुलारचंद यादव की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए पूर्व विधायक और मोकामा से जनता दल (यूनाइटेड) के उम्मीदवार अनंत कुमार सिंह को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। शनिवार (1 नवंबर) देर रात हुई इस गिरफ्तारी ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। अनंत सिंह को उनके दो सहयोगियों, मणिकांत ठाकुर और रंजीत राम के साथ हिरासत में ले लिया गया। तीनों को शनिवार को पटना के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) के समक्ष पेश किया गया, जिसके बाद सिंह को दो सप्ताह की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### 'मानव बम' की धमकी के बाद इंडिगो के विमान का मार्ग बदला गया

**हैदराबाद।** राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय (आरजीआईए) हवाई अड्डे पर शनिवार को एक धमकी भरा ईमेल आया, जिसमें दावा किया गया कि जेद्दा से हैदराबाद जाने वाले इंडिगो के विमान में एक 'मानव बम' है। इसके बाद विमान का मार्ग बदलकर मुंबई की ओर कर दिया गया, जहां इसे सुरक्षित उतार लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि उन्हें सुबह करीब 5.30 बजे धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें उन्हें ''हैदराबाद में इंडिगो के विमान को न उतारने'' की चेतावनी दी गई। पुलिस ने कहा कि ईमेल में कहा गया, ''विमान में सवार लिट्टे-आईएसआई के लोगों ने 1984 के मद्रास हवाई अड्डे जैसे एक बड़े विस्फोट की योजना बनाई है।

### रूस ने परमाणु ड्रोन से लैस पनडुब्बी खाबरोवस्क लांच की

**मास्को।** रूस ने शनिवार को अपनी नई परमाणु पनडुब्बी 'खाबरोवस्क' को पानी में उतारा है। यह पनडुब्बी 'पोसेइडॉन' परमाणु ड्रोन से लैस है, जिसे कई विशेषज्ञ ÷डूम्सडे मिसाइल÷ यानी परमाणु हमले के दौरान इस्तेमाल किया जाने वाला हथियार कह रहे हैं क्योंकि यह समुद्र के नीचे से ही बड़े पैमाने पर तबाही मचा सकती है। खाबरोवस्क को लेकर रूसी रक्षा मंत्री ने कहा कि यह रूस के लिए एक अहम दिन है और इस नई पनडुब्बी से देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और वैश्विक स्तर पर ताकत और बढ़ेगी। रूस की समाचार एजेंसी 'तास' के मुताबिक, यह पनडुब्बी पानी के नीचे चलने वाले रोबोटिक हथियारों और आधुनिक टॉरपीडो सिस्टम से लैस है।

---

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भोजपुर व नवादा में जनसभा को संबोधित किया

# जंगलराज में ज्यादा वेतन मतलब राजद को ज्यादा रंगदारी : मोदी

### मोदी बोले-धमाका पाकिस्तान में हुआ, नींद गांधी परिवार की उड़ी



**नवादा/आरा (भोजपुर) (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भोजपुर और नवादा में जनसभा की। इस दौरान कांग्रेस और आरजेडी उनके निशाने पर रहे। प्रधानमंत्री ने जंगलराज का याद दिलाया। साथ ही दावा किया कि कांग्रेस-राजद में रिश्ते खराब हो चुके हैं और चुनाव बाद एक-दूसरे का सिर फोड़ेंगे।

पीएम मोदी ने नवादा की सभा में कहा कि जंगलराज वाले-कांग्रेस वाले आपके हक का सारा पैसा लूट कर अपनी तिजोरी भरते हैं। ये मैं नहीं कह रहा, कांग्रेस के पीएम ने कहा था कि अगर मैं 1 रुपए भेजता हूं, तो वो लाभार्थी के पास पहुंचते-पहुंचते 15 पैसा हो जाता है। ये कौन-सा पंजा था, जो पैसे खा जाता था। जंगलराज ने नवादा में नरसंहार का दाग लगाया था। हालत ये थी कि किसी कर्मचारी का वेतन बढ़ता था तो वो परेशान हो जाता था। क्योंकि ज्यादा वेतन का मतलब था ज्यादा रंगदारी देना। साथ ही प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि धमाका पाकिस्तान में हुआ, नींद गांधी परिवार की उड़ी थी।

**कांग्रेस-राजद की राजनीति परिवार के इर्द-गिर्द रहती है :** पीएम मोदी ने कहा कि बिहार की जनता का अंक गणित अच्छा है, उनका सामान्य ज्ञान भी अच्छा है। ये चारा घोटाले वाले सोचते हैं, लोगों को चरा देंगे। इनकी राजनीति परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है। एक बिहार का सबसे भ्रष्ट परिवार, दूसरा देश का सबसे भ्रष्ट परिवार। अब दोनों परिवार में घमासान है। एक जंगलराज के युवराज हैं, उन्हें लगता है कांग्रेस युवराज की पदयात्रा ने उन्हें ही पैदल कर दिया है। कांग्रेस ने सीएम पद पर हामी तक नहीं भरी। उसके बाद राजद ने भी सबक सिखाने की ठानी। सब जानते हैं कैसे प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ ही राजद ने कैंडिडेट दे दिया।

**कट्टा-क्रूरता इनकी पहचान है :** पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए बिहार का विकसित होना जरूरी है। राजद और कांग्रेस कभी भी बिहार को विकसित नहीं बना सकते हैं।

### कनपट्टी में कट्टा सटाकर राजद ने सीएम पद लिया

इससे पहले पीएम मोदी ने आरा में सभा की। यहां पीएम मोदी ने कहा कि मैं आपको अंदर की बात बता रहा हूं। नामांकन वापस लेने से पहले बिहार में गुंडागर्दी का खेल खेला गया था। कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि मुख्यमंत्री पद पर राजद के नेता का नाम हो। राजद ने भी मौका नहीं छोड़ा। राजद ने कांग्रेस की कनपट्टी पर कट्टा रखकर सीएम पद चोरी कर लिया। सिर पर कट्टा रखकर कांग्रेस से सीएम पद की घोषणा करवाई गई। राजद-कांग्रेस में भयंकर झगड़ा बढ़ गया है। चुनाव से पहले इतनी दुश्मनी बढ़ गई है कि चुनाव के बाद ये एक-दूसरे का सिर फोड़ने लगेंगे। ऐसे लोग कभी बिहार का भला नहीं कर सकते हैं।

### पटना में पीएम मोदी का मेगा रोड शो, हर तरफ भीड़ ही भीड़



**पटना।** बिहार के आरा और नवादा में चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को राजधानी पटना पहुंचे, जहां उन्होंने रोड शो किया। पीएम नरेंद्र मोदी सबसे पहले दिनकर गोलंबर (राजेंद्र नगर) पहुंचे और राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद उन्होंने रोड शो प्रारंभ किया। उनके साथ सांसद और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और सांसद रविशंकर प्रसाद भी साथ थे। उनके हाथ में भाजपा का चुनाव चिह्न कमल का निशान था। पीएम मोदी के रोड शो के दौरान उनकी एक झलक देखने के लिए पूरा शहर सड़कों पर उमड़ पड़ा। पीएम मोदी का यह रोड शो दिनकर गोलंबर से प्रारंभ हुआ है, जो गांधी मैदान के निकट उद्योग भवन तक गया। इस दौरान वे नाला रोड, ठाकुरबाड़ी, बारी पथ और बाकरगंज होकर गुजरे।

---

### बेगूसराय में तालाब में कूदे राहुल गांधी, पकड़ी मछली

# प्रधानमंत्री युवाओं का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने की कोशिश कर रहे: राहुल



**बेगूसराय (ए)।** राहुल गांधी ने बेगूसराय में तालाब में छलांग लगाकर पारंपरिक मछली पकड़ने में भाग लिया, जिसके बाद उन्होंने महागठबंधन की सरकार बनने पर बिहार में शिक्षा सुधार और नालंदा जैसा उत्कृष्ट विश्वविद्यालय खोलने का वादा किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर चुनाव प्रचार में वादे करने और बेरोजगारी पर युवाओं का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया।

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बेगूसराय में एक तालाब में छलांग लगाई और मछली पकड़ने की पारंपरिक प्रक्रिया में भाग लिया। वीआईपी प्रमुख और महागठबंधन के उपमुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार मुकेश सहनी, कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार और अन्य भी मौजूद रहे। इससे पहले राहुल गांधी ने रविवार को बेगूसराय में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की जनता से एक वादा किया। उन्होंने कहा कि जब महागठबंधन सत्ता में आएगा, तो वह शिक्षा व्यवस्था में सुधार और छात्रों के लिए विश्वस्तरीय अवसर पैदा करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। राहुल गांधी ने कहा कि मैं आपको व्यक्तिगत गारंटी देता हूँ कि जिस दिन केंद्र में महागठबंधन की सरकार आएगी, हम बिहार में नालंदा विश्वविद्यालय जैसा एक उत्कृष्ट विश्वविद्यालय खोलेंगे।

### एनडीए का डबल इंजन हर मोर्चे पर फेल : सचिन पायलट

**पटना।** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर सीधा हमला बोला है। पायलट ने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार को राज्य की जनता से ज्यादा अपनी 'सत्ता और कुर्सी'से प्यार है, जिसकी वजह से वह बीजेपी के सामने बेबस हो चुके हैं। पटना में मीडिया से बात करते हुए सचिन पायलट ने लोकसभा चुनाव के नतीजों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने लोकसभा चुनाव में '400 पार' का दावा किया था, लेकिन 250 सीटें भी नहीं ला पाई। पायलट ने तंज कसते हुए कहा कि केंद्र में सरकार बनाने के लिए बीजेपी को बिहार और आंध्र प्रदेश की 'बैसाखियों' पर निर्भर रहना पड़ा। उन्होंने भरोसा जताया कि बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद, बीजेपी की यह 'बैसाखियां' छीन ली जाएंगी। पायलट ने नीतीश कुमार पर अपना रुख बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने याद दिलाया कि नीतीश कुमार वही व्यक्ति हैं जिन्होंने एक समय पीएम मोदी द्वारा 'डीएनए पर सवाल उठाए जाने' के विरोध में सैकड़ों बिहारवासियों के काटे हुए नाखून कुरियर से भेजे थे। पायलट ने कहा कि अब 'कुर्सी से मोह' के कारण वह 'भाजपा के सामने बेबस और असहाय हो चुके हैं। राजग के 'डबल इंजन' सरकार के दावे पर हमला करते हुए पायलट ने कहा, यह डबल इंजन हर मोर्चे पर फेल हो गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के बिहार रोड शो पर सवाल उठाते हुए पूछा कि मोदी जी बताएं, उन्होंने 1.25 लाख करोड़ रुपए के विशेष पैकेज, निवेश और रोजगार सृजन के कितने वादे पूरे किए?

---

# युद्धाभ्यास : राजस्थान में 28000 फीट की ऊंचाई से मिसाइलें दागीं

### रेत के धोरों में गरज रहे टैंक, आर्मी-नेवी और एयरफोर्स ने दुश्मनों के ठिकानों को नेस्तनाबूद किया



**जैसलमेर (ए)।** रेत के धोरों में टैंक गरज रहे हैं। 28 हजार फीट तक की ऊंचाई से लड़ाकू विमानों ने मिसाइलें दागीं। सेना के जांबाज चुन-चुनकर दुश्मन के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद तीनों सेनाओं की ये सबसे बड़ी एक्सरसाइज है।

आर्मी, नेवी और एयरफोर्स के संयुक्त अभियान के तहत जैसलमेर के भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से लेकर कच्छ (गुजरात) तक युद्धाभ्यास चल रहा है। 30 अक्टूबर से 10 नवंबर तक युद्धाभ्यास जारी रहेगा। भारत पश्चिमी मोर्चे पर दुश्मन के काल्पनिक ठिकानों पर 'अभ्यास त्रिशूल' के जरिए अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन कर रहा है।

### भारतीय सेना अरुणाचल के पहाड़ों में करेगी एक्सरसाइज

**इटानगर।** भारतीय सेना इस महीने अरुणाचल प्रदेश के ऊंचे इलाकों में एक बड़ा संयुक्त सैन्य अभ्यास करने जा रही है। इसका नाम पूर्वी प्रचंड प्रहार है। यह थलसेना, नौसेना और वायुसेना का संयुक्त अभ्यास होगा। इसका मकसद भविष्य के युद्धों के लिए तालमेल, तकनीकी क्षमता और तेज प्रतिक्रिया की तैयारी को और मजबूत करना है।

### तेलंगाना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीआरएस ऑफिस पर हमला किया, फर्नीचर जलाया, पार्टी वर्कर्स को पीटा

**हैदराबाद।** तेलंगाना के खम्मम जिले के मनुगुरु इलाके में रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारत राष्ट्र समितिके स्थानीय ऑफिस पर हमला कर दिया। उन्होंने ऑफिस में तोड़फोड़ की, फर्नीचर जलाया और कांग्रेस का झंडा फहरा दिया। वायरल वीडियो में कांग्रेस के झंडे थामे लोग बीआरएस ऑफिस में घुसते और नारेबाजी करते दिखाई दिए। झड़प के दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हुई और कुछ लोग घायल भी हुए। हालांकि पुलिस ने अभी तक किसी के घायल होने की पुष्टि नहीं की है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हमें हमारा ऑफिस वापस दो÷ के नारे लगाते हुए प्रदर्शन भी किया। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। इधर, कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है- बीआरएस शासन के दौरान उनका ऑफिस जबरन कब्जा कर लिया गया था। उनका कहना है कि तब के विधायक ने पुलिस सुरक्षा में कांग्रेस दफ्तर पर कब्जा कर उसे बीआरएस के गुलाबी रंग में रंगवा दिया था। हम इसे फिर वापस लेंगे।

# भारत ने होबार्ट में सबसे बड़ा रन चेज किया अर्शदीप ने कुलदीप की बराबरी की

### ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर सीरीज 1-1 की बराबरी कर ली



**होबार्ट (ए)।** भारत ने तीसरे टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारत ने 5 मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी हासिल कर ली है। होबार्ट में भारत ने 187 रन का टारगेट 18.3 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। यह इस मैदान पर किसी भी टीम का सबसे बड़ा रन चेज रहा।

रविवार को टी-20 में भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने सबसे ज्यादा बार 3-विकेट लेने के मामले में कुलदीप यादव की बराबरी की। ऑस्ट्रेलिया के टिम डेविड ने अक्षर पटेल की बॉल पर 129 मीटर लंबा सिक्स लगाया।

**भारत ने आयरलैंड का रिकॉर्ड तोड़ा :** होबार्ट में भारत ने सबसे बड़ा रन चेज किया। इस मैदान पर भारतीय टीम अपना पहला टी-20 इंटरनेशनल खेल रही थी। इससे पहले 2022 टी-20 वर्ल्ड कप में आयरलैंड ने स्कॉटलैंड के खिलाफ 180 रन चेज किए थे।

**टिम डेविड भारत के खिलाफ फास्टेस्ट फिफ्टी लगाने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई :** टिम डेविड भारत के खिलाफ सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गए।

---

# तूफान मोन्था का असर खत्म, अब बारिश नहीं ठंड बढ़ेगी



**नई दिल्ली (ए)।** मोन्था तूफान का असर लगभग खत्म हो गया है। इसके रूट में आने वाले राज्यों में अब बारिश नहीं होगी। हालांकि राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब और हिमाचल में बारिश हो सकती है। आईएमडी के मुताबिक पहाड़ी राज्यों और मैदानी इलाकों में अगले 3-4 दिन में तापमान में गिरावट होगी, जिससे ठंड बढ़ेगी।

हिमाचल में 4 और 5 नवंबर को बर्फबारी के आसार बन रहे हैं। तीन नवंबर की रात से वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। फिलहाल कुकुमसेरी में तापमान माइनस 1.2ए और ताबो में माइनस 0.8ए चल रहा है। इधर, राजधानी दिल्ली और एनसीआर के कई इलाकों में प्रदूषण गंभीर होता जा रहा है। रविवार को हवा क्वालिटी और बिगड़ गई।

# बिहार में 'जंगल राज' नहीं लौटने देंगे, एनडीए 'पांडवों' की तरह लड़ेगा : अमित शाह



**हाजीपुर (ए)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बिहार के हाजीपुर में आगामी चुनावों के लिए एनडीए के अभियान के तहत एक रैली को संबोधित किया। शाह ने एनडीए गठबंधन की ताकत पर ज़ोर दिया और इसकी तुलना पाँच पांडवों से की और कहा कि यह गठबंधन राज्य में ÷जंगल राज÷ की वापसी को रोकने के लिए दृढ़ संकल्पित है। शाह ने एनडीए गठबंधन की एकता और मजबूती पर प्रकाश डाला, जिसमें भाजपा, जद (यू), चिराग पासवान की पार्टी और अन्य शामिल हैं। शाह ने कहा कि बिहार के चुनावों में, एनडीए का गठबंधन, पाँच पांडवों की तरह, पूरी ताकत के साथ चुनावी समर में उतरा है। भारतीय जनता पार्टी, जद(यू), चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास) पार्टी, जीतन राम मांझी की हम पार्टी और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) पार्टी एकजुट हैं और जंगल राज को रोकने के लिए दृढ़ हैं। हमारे सामने जितनी भी पार्टियाँ हैं, सभी के बीच लड़ाई चल रही है। उन्होंने विपक्ष की बिहार को एकजुट रखने की क्षमता पर सवाल उठाया, जब वे अपने ही गठबंधन के भीतर एकता बनाए नहीं रख सकते।

### पश्चिम बंगाल से 48 बांग्लादेशी पकड़े गए, बांग्लादेश भागने की फिराक में थे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले की बशीरहाट सीमा से 48 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया है। भारत में अवैध तरीके से घुसे ये लोग बांग्लादेश जाने की कोशिश कर रहे थे। बीएसएफ के एक अधिकारी ने बताया कि ये लोग पश्चिम बंगाल में एसआईआर की घोषणा के बाद भारत छोड़ने की फिराक में थे। बीएसएफ ने 33 बांग्लादेशियों को रविवार को पकड़ा और स्वरूप नगर पुलिस थाने को सौंप दिया। इससे पहले 15 अन्य को शनिवार रात पकड़ा गया था।

---

# मिस्र में दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम खुला 3000 साल पुरानी तूतनखामेन की कब्र रखी गई



**काहिरा (ए)।** मिस्र में गीजा के पिरामिडों के पास दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम ग्रैंड इजिप्शियन शनिवार को आम जनता के लिए खोल दिया है।

मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सीसी के साथ दुनिया के कई देशों के नेता उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। इसे बनाने में करीब 1 अरब डॉलर से ज्यादा की लागत आई है। ग्रैंड इजिप्शियन म्यूजियम की सबसे बड़ी खासियत बॉय किंग तूतनखामेन की कब्र है। 1922 में ब्रिटिश पुरातत्वविद हावर्ड कार्टर ने यह कब्र खोजी थी। इसमें 5500 से अधिक वस्तुएं मिली थीं। अब पहली बार यह सब एक ही स्थान पर आम दर्शकों के लिए रखी जा रही हैं। तूतनखामेन सिर्फ 9 साल की उम्र में मिस्र की सत्ता पर काबिज हो गया था और 18-19 वर्ष की आयु में उसकी मृत्यु हो गई थी। उसका शासनकाल 1332-1323 ईसा पूर्व था।

### उपलब्धि » सीएमएस-03 नाम का उपग्रह एलवीएम3-एम5 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया गया

# इसरो ने लांच किया 'बाहुबली', अंतरिक्ष में बनेगा भारत की आंख



**बेंगलुरु (ए)।** इसरो ने रविवार कोअपना बाहुबली सैटेलाइट लॉन्च किया। सीएमएस-03 नाम का उपग्रह एलवीएम3-एम5 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया गया। इसकी भारी भारोत्तोलन क्षमता के लिए 'बाहुबली' नाम दिया गया है। 4,410 किलोग्राम वजन वाला यह उपग्रह भारत की धरती से भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में प्रक्षेपित किया जाने वाला सबसे भारी उपग्रह है।

24 घंटे तक चले काउंटडाउन के बाद 43.5 मीटर लंबे रॉकेट ने शाम पांच बजकर 26 मिनट पर अंतरिक्ष की उड़ान भरी। इसे दूसरे लॉन्च पैड से रवाना किया गया। यह चेन्नई से करीब 135 किमी की दूरी पर है। इसरो की तरफ से जारी बयान के मुताबिक करीब 16 से 20 मिनट की उड़ान के बाद 180 किमी की ऊंचाई पर रॉकेट सैटेलाइट से अलग हो जाएगा। इसरो के मुताबिक एलवीएम3 (प्रक्षेपण यान मार्क-3) भारी वजन वहन करने वाला नया प्रक्षेपण यान है। इसका उपयोग 4,000 किलोग्राम के अंतरिक्ष यान को किफायती तरीके से जीटीओ में स्थापित करने के लिए किया जाएगा।

### मिशन से जुड़ी खास बातें

एलवीएमएक्स लॉन्च व्हीकल की ये पांचवीं ऑपरेशनल फ्लाइट (एलवीएमएक्स-एमजेड) है। व्हीकल ज्यादा वजन ले जा सके इसके लिए इसमें स्ट्रक्चरल चेंजेस किए गए हैं। इसके अलावा थ्रस्ट बढ़ाने के लिए इंजन में भी कुछ बदलाव हुए हैं। स्ट्रक्चरल चेंजेस से इसे थोड़ा हल्का किया गया है। सीएमएस-03 एक मल्टी-बैंड कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जो हिंद महासागर के बड़े इलाके सहित पूरे भारतीय इलाके को सर्विस देगा। ये भारत को कंटीन्यूअस कवरेज देगी। ये एक जीसैट-7आर सैटेलाइट है जिसका कोडवर्ड सीएमएस-03 है। ये श्रीहरिकोटा स्पेसपोर्ट से लॉन्च होगा। ये पुराने हो चुके जीसैट-7 (रुक्मिणी) सैटेलाइट की जगह लेगा, जो फिलहाल नौसेना के कम्युनिकेशन्स का मुख्य आधार है।

## न्यूज ब्रीफ

### निशान यात्रा में झलका श्याम भक्तों का उत्साह



**थानखम्हरिया।** श्याम भक्तों द्वारा 1 नवंबर को खाटूवाले बाबा श्याम के जन्मदिन पर नगर में निशान यात्रा निकाली गयी। यात्रा में बड़ी संख्या में श्याम के भक्तों ने शामिल होकर आनंद की अनुभूति की। नगर के गोलबाजार स्थित आशीष बंसल के निवास में बाबा का भव्य दरबार सजाया गया। भक्तों ने बाबा की पूजा - आराधना तथा आरती की। अखण्ड ज्योति प्रज्जवलित की गयी। श्रद्धालुओं ने बाबा की धोक लगायी। यहाँ से निशान यात्रा निकाली गयी। रंग बिरंगे परिधानों में मातायें, युवतियाँ, युवक, बच्चे सभी आयु वर्ग के भक्तों ने निशान लेकर बाबा के भजनों की धुन में नाचते, थिरकते यात्रा की। यात्रा में शामिल लोगों में काफी उत्साह तथा जुनून परिलक्षित हो रहा था। डी जे में बज रहे बाबा के मीठे - मीठे भजनों पर श्रद्धा भक्ति के साथ तारतम्य बनाते हुये लगभग दो घण्टे की पैदल यात्रा की गयी। यात्रा समापन पश्चात् प्रसाद वितरित किया गया।

### सनातन धर्म गौ रक्षा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने संजय तिवारी

**भिलाई ।** एस आर हॉस्पिटल एंड कॉलेज चिखली दुर्ग छग के चेयरमेन व समाज सेवी संजय तिवारी को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्हें सनातन धर्म परिषद् न्यास की शाखा सनातन धर्म गौ रक्षा वाहिनी का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सनातन धर्म परिषद् न्यास के अध्यक्ष अवध बिहारी दास ने उन्हें यह महत्तवपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की है। यह बता दें कि संजय तिवारी द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया जाता रहा है। मानव सेवा के साथ वे गौ सेवा व गौवंश रक्षा के कार्य से भी लंबे समय से जुड़े हैं एवं स्वर्गीय सुधाकर तिवारी मेमोरियल गौशाला का संचालन करते हुए गौ माता की सेवा व गौवंश की रक्षा करते है एवं सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। एस आर हॉस्पिटल एंड कॉलेज के माध्यम से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध करा रहे हैं। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में भी नए आयाम स्थापित कर रहे है । उनकी इन्ही प्रयासों व नेक कार्यो को देखते हुए सनातन धर्म परिषद् न्यास ने उन्हें सनातन धर्म गौ रक्षा वाहिनी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है। सनातन धर्म परिषद् न्यास के अध्यक्ष अवध बिहारी दास ने संजय तिवारी को इस जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं व बधाई दी। उनकी नियुक्ति पर दुर्ग भिलाई के गौ सेवको व सनातनियों में हर्ष व खुशी का माहौल है।



### रील्स वाले गुंडों से 12 कटर हथियार जब्त, इंस्टाग्राम से फैला रहे थे दहशत

**दुर्ग।** भिलाई-दुर्ग में बढ़ती चाकूबाजी और कटरबाजी को रोकने दुर्ग पुलिस अब लोगों के सोशल मीडिया अकाउंट को खंगाल रही है। हाल ही में क्राइम ब्रांच ने सोशल मीडिया अकाउंट में हथियार लेकर फोटो और वीडियो पोस्ट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। इसी कड़ी में छावनी थाना क्षेत्र से 12 हथियार जब्त किए गए हैं। वहीं दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र से 2 आरोपियों के पास से हथियार जब्त कर उन्हें जेल भेजा गया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि 4 दिनों के भीतर 300 से ज्यादा अकाउंट खंगाले गए, जिनमें कई लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से लोग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से चाकू, कटर और धारदार हथियार मंगा रहे हैं और उन्हें सोशल मीडिया पर पोस्ट भी कर रहे हैं। वहीं पोस्ट करने वालों में नाबालिगों की संख्या सबसे ज्यादा है। ऐसे पोस्ट करने वाले नाबालिगों के पैरेंट्स को बुलाकर समझाइश दी गई है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन सामान की डिलीवरी करने वाली एजेंसियों को भी दुर्ग पुलिस ने निर्देश दिए हैं कि सामान देने से पहले उसे स्कैन करें। और अगर ऑर्डर में ऐसे हथियार आते हैं, तो संबंधित थाना क्षेत्र को इसकी सूचना अवश्य दें।



# प्रकाश पर्व पर निकली नगर कीर्तन के स्वागत में उमड़ा सर्वसमाज

### गतका दल का करतब रहा आकर्षण का केन्द्र, सिक्ख समाज के लोगों ने सड़क पर झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

समवेत शिखर संवाददाता






**दुर्ग।** सिक्खों के प्रथम गुरु गुरुनानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व पर रविवार को सिक्ख समाज द्वारा भव्य नगर-कीर्तन निकाल कर गुरू के मानवता के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया गया। यह नगर कीर्तन स्थानीय स्टेशन रोड स्थित गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा से गुरूग्रंथ साहेब की पूजा-अर्चना कर प्रारंभ हुई।

गुरूग्रंथ साहेब को फुलों से सुसज्जित एक खुले वाहन में विराजमान किया गया था। जिसकी पंज प्यारों ने अगुवाई की। नगर-कीर्तन में गतका दल के करतब (अखाड़ा) का जोशिला प्रदर्शन आकर्षण का केन्द्र बना रहा। नगर-कीर्तन में पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, कांग्रेस नेता परमजीत सिंह भुई, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, पूर्व सभापति राजकुमार नारायणी, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पूर्व पार्षद मनदीप सिंह भाटिया, पूर्व पार्षद फ्तेसिंह भाटिया, श्री सांई मंदिर समिति अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल, उपाध्यक्ष शिवाकांत तिवारी,शीतला मंदिर समिति अध्यक्ष रोमनाथ साहू,जिला भाजयुमों के पूर्व अध्यक्ष नितेश साहू,युवा कांग्रेस नेता गुरदीप सिंह भाटिया के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। उन्होने गुरूग्रंथ साहेब के दर्शन कर शहर की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। नगर-कीर्तन में सिक्ख समाज की महिला व पुरुषों ने सड़कों पर झाड़ू लगाए और स्वच्छता के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। नगर-कीर्तन गाजे-बाजे के साथ गुरूद्वारा से सिंधी धर्मशाला होते हुए राजेन्द्र पार्क चौक पहुंची। तत्पश्चात् यह नगर-कीर्तन जीई रोड होते हुए पटेल चौक से इंदिरा मार्केट,फरिश्ता कॉम्पलेक्स, तकियापारा, पोलसायपारा, अप्सरा टॉकीज चौक, अग्रेसन चौक, शहीद चौक होते हुए वापस गुरूद्वारा पहुंची। जहां नगर-कीर्तन का समापन हुआ। नगर-कीर्तन का पूरे रास्ते भर विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों के लोगों द्वारा जगह-जगह उत्साह के साथ स्वागत कर सर्वधर्म-समभाव का संदेश दिया गया, वहीं विभिन्न संगठनों द्वारा नगर-कीर्तन में शामिल लोगों को पेयजल, फल एवं अन्य खाद्य सामग्रियों का वितरण कर गुरूनानक देव जी के प्रकाश पर्व की खुशियां मनाई।

# उपराष्ट्रपति के राजनांदगांव प्रवास के दृष्टिगत विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

समवेत शिखर संवाददाता

**राजनांदगांव।** उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन के आगामी राजनांदगांव प्रवास के दृष्टिगत विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज स्टेट स्कूल मैदान पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने मुख्य मंच, प्रदर्शनी स्टॉल, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, बेरिकेटिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कार्यक्रम के व्यवस्थित आयोजन के लिए पार्किंग, बैठक व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने कार्यक्रम की व्यवस्था एवं तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक श्रीमती अंकिता शर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग और यातायात व्यवस्थाओं के संबंध जानकारी दी। इस दौरान महापौर श्री मधुसूदन यादव, श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री सौरभ कोठारी, श्री भावेश बैद, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल शर्मा, आयुक्त नगर पालिक निगम श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम श्री गौतम पाटिल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।



# धूमधाम से मनाया गया खाटू श्यामजी का जन्मोत्सव, भजन एवं महाआरती हुई

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** कार्तिक की ग्यारस श्री श्याम बाबा के जन्मोत्सव के अवसर पर श्री सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर में इस वर्ष आयोजन किया गया, जिसमें जन्मोत्सव की पूर्व संध्या को श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें प्रसिद्ध गायकों ने सुंदर एवं मधुर गीतों की प्रस्तुति दी।

समिति के शिवम सेन एवं लक्की अग्रवाल ने बताया कि दुर्गा मंदिर गंजपारा मंदिर में दो दिवसीय श्याम जन्मोत्सव का आयोजन किया गया था। दो दिवसीय कार्यक्रम में शुक्रवार को श्री श्याम बाबा के जन्मदिन की पूर्व संध्या को भजन का कार्यकाम आयोजित किया गया। समिति द्वारा श्याम जन्मदिन पर एक सुंदर एयं भव्य दरबार सजाया गया और श्याम भजन गायक द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति की गई। जिसमें देर रात्रि तक भक्तगण झूमते रहे। रात्रि 12 बजे श्री श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर छोटे बच्चे से केक कटवाया गया एवं मंदिर परिसर के बाहर आतिशबाजी की गई। दूसरे दिन शनिवार को श्री श्याम जन्मोत्सव पर संध्या 7 बजे श्री श्याम बाबा की 51 पूजा थाल से महाआरती की गई एवं खीर बूंदी लड्डू का प्रसाद वितरण किया गया। देर रात में प्रसाद वितरण के उपरांत कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सागर कालोया गोदिया सिंपल राठी प्रीति राजगढ़िया शिवम सेन लक्की अग्रवाल मनोज राजगढ़िया ट्विंकल खेमका नारायण खेतान मुरारी सिंघानिया प्रदीप अग्राल सतीश गोयल मनीष सेन रितेश सेन गोपू सेन ललित शर्मा राकेश तिवारी निर्मल शर्मा राजेश शर्मा मनोज गुप्ता लाला कुलेश्वर साहू पार्षद प्रतिभा सुरेश गुप्ता पार्षद दिनेश पुरोहित मोनू शर्मा राजू पुरोहित राहुल शर्मा गोपाल शर्मा प्रकाश सिन्हा मोहित पुरोहित ऋषि गुप्ता सुजल शर्मा अनमोल पांडेय सोनल सेन सरिता शर्मा किरण सेन चंचल शर्मा मिथिला शर्मा चंदा शर्मा आभा शर्मा सिंधु गुप्ता सुमन शर्मा शिल्पी शर्मा रूपल गुप्ता संध्या वर्मा कुलेश्वरी जायसवाल लक्की पुरोहित लक्ष्मी यादव सार्थक शर्मा सिद्धू गुप्ता वंशु पुरोहित एवं सैकड़ों श्याम भक्त उपस्थित थे।



# छुरिया तहसील के 19153 किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन

### डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं गिरदावरी का मोबाईल पीवी एप सत्यापन उपरांत प्रविष्टियों में परिवर्तन 30 नवंबर तक

समवेत शिखर संवाददाता

**राजनांदगांव।** भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार छुरिया तहसील अंतर्गत पूर्व में कुल 19527 किसानों द्वारा धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान विक्रय किया गया था। जिसमें से 19153 किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन किया जा चुका है। एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु शेष 374 किसानों के पंजीयन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। साथ ही छुरिया तहसील अंतर्गत कृषकों के भूमि का गिरदावरी किया गया है। जिन ग्रामों का जियो रिफ्रेसिंग हुआ है, उन ग्रामों का डीसीएस पोर्टल के माध्यम से सर्वेयरों द्वारा डिजिटल गिरदावरी किया गया है। इसके साथ ही जिन ग्रामों में जिओ रिफ्रेसिंग नहीं हुआ है, उन ग्रामों में हल्का पटवारियों द्वारा कृषि भूमि का भौतिक निरीक्षण एवं सत्यापन कर गिरदावरी की प्रविष्टि भुईयां पोर्टल के माध्यम से किया गया है।

छुरिया तहसील अंतर्गत शासकीय पट्टेदार, वन अधिकार मान्यता पत्रकधारी का गिरदावरी प्रविष्टि पीवी एप के माध्यम से किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं गिरदावरी का मोबाईल पीवी एप सत्यापन उपरांत प्रविष्टियों में परिवर्तन 30 नवंबर 2025 तक करने के निर्देश दिए गए है। निर्धारित तिथि तक आवश्यकतानुसार संशोधन (सत्यापन) कार्य कर लिया जाएगा। घुमका तहसील अन्तर्गत हल्का पटवारी-3 में कुल 6 ग्राम हैं। जिसमें गिरदावरी हेतु कुल खसरों की संख्या ग्रामवार अमलीडीह में 1144, कलकसा में 815, कौहाकुड़ा में 613, ढाबा में 628, भरकाटोला में 1370 एवं सहसपुर दल्ली में 1050 है। डीसीएस के माध्यम से गिरदावरी पूर्ण खसरों की संख्या ग्रामवार अमलीडीह में 816, कलकसा में 587, कौहाकुड़ा में 308, ढाबा में 383, भरकाटोला में 792 एवं सहसपुर दल्ली में 552 है। मैनुअल गिरदावरी के माध्यम से ग्राम अमलीडीह, कौहाकुड़ा, भुरकाटोला, ढाबा एवं सहसपुरदल्ली की शेष खसरों की गिरदावरी पूर्ण की गई है। तकनीकी समस्या आने के कारण ग्राम कलकसा की लगभग 228 खसरों की मेनुअल गिरदावरी पूर्ण नहीं की जा सकी है। जिसे पूरा करने आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# हॉली क्रॉस कांपा स्कूल ने रेडिएंट वे स्कूल को दी मात

समवेत शिखर संवाददाता

**कुम्हारी।** टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी के तत्वाधान में आयोजित टर्मिनेटर विप्रा स्कूल चैंपियंस ट्रॉफी सीजन-5 में रविवार को 6 टी-20 मैच खेले गए!राज्य की इस सबसे बड़ी स्कूल प्रतियोगिता में 32 स्कूलो के मध्य कुल 56 टी-20 मैच खेले जाएंगे। आज के प्रथम मैच में रेडिएंट वे स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। रेडिएंट वे स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में केवल 79 ही रन बनाये। रेडिएंट स्कूल के तरफ से बल्लेबाजी करते हुए अर्पित चंद्राकर ने सर्वाधिक 21 रन एवं अथर्व चतुर्वेदी ने 12 रनों का योगदान दिया। हॉली क्रॉस कापा स्कूल के तरफ से गेंदबाजी करते हुए तन्मय मंधानी व आर्यन यादव ने 2-2 विकेट प्राप्त किया। जवाब में 80 रनो के लक्ष्य का पिछा करते हुए हॉली क्रॉस कांपा स्कूल की टीम ने 5.4 ओवर इस लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। हॉली क्रॉस स्कूल के तरफ से बल्लेबाजी में चेतन देवांगन ने 53 और वंश बैस ने 19 रनो का योगदान दिया। यह मैच हॉली क्रॉस कांपा स्कूल ने 10 विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच चेतन देवांगन रहे।प्रतियोगिता के आज हुए दूसरे मैच में हॉली हार्ट्स एजूकेशनल एकेडमी स्कूल ने स्वामी आत्मानंद स्कूल को 61 रनो से हराया! प्रतियोगिता के आज हुए तीसरे मैच में रेडिएंट वे स्कूल ने लिटिल फ्लावर स्कुल को 5 विकेट से हराया। आज के चौथे मैच में ज्योति विद्यालय चरोदा ने रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल को 8 विकेट से शिकस्त दी। आज खेले गए पांचवें में कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना ने ज्ञान सरिता स्कूल रायपुर को 10 विकेट से हराया। आज के छठवें मैच में कृष्णा पब्लिक स्कूल भिलाई ने सेंट मैरी स्कूल को 204 रनो से पराजित किया।



# दुर्ग पुलिस के हत्थे चढ़ा महाठग गैंग, तीन आरोपी गिरफ्तार

### पैसा सौ गुना करने का झांसा देकर की थी एक लाख रुपए की ठगी – सात मोबाइल, एक लाख नगद व अर्टिगा वाहन जप्त

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** थाना पुलगांव पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पूजा के नाम पर ठगी करने वाले महाठग गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जो भोले-भाले लोगों को पैसा सौ गुना करने का लालच देकर लाखों रुपए हड़प लेते थे। पुलिस ने आरोपियों से 7 मोबाइल फोन, एक लाख रुपए नगद तथा एक सफेद अर्टिगा कार बरामद की है।

**ऐसे दिया ठगी को अंजाम :** प्रार्थी रामकुमार जायसवाल, निवासी दुर्ग, जो ड्राइवरी का कार्य करता है, ने थाना पुलगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसे मंदा पासवान नामक महिला और उसके साथियों ने पूजा के नाम पर ठगी कर ली है। रामकुमार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। इस बीच उसके परिचित राजू (निवासी जामगांव) ने उसे महाराष्ट्र के एक व्यक्ति छोटू का मोबाइल नंबर देते हुए बताया कि ये लोग विशेष पूजा करके पैसे को सौ गुना बढ़ा देते हैं। प्रार्थी ने छोटू से संपर्क किया, जिसने उसे मंदा पासवान नामक महिला का नंबर दिया। महिला ने स्वयं को यवतमाल (महाराष्ट्र) की निवासी बताया और कहा कि वे कई लोगों का पैसा पूजा द्वारा सौ गुना कर चुकी हैं। बातचीत के बाद प्रार्थी ने 11 लाख रुपए को 11 करोड़ करने की बात तय की, जिसके लिए महिला ने दुर्ग आने की बात कही।

**बस स्टैंड पर हुई मुलाकात, फिर हुआ छल :** 1 नवम्बर को मंदा पासवान ने फोन कर बताया कि वह दुर्ग बस स्टैंड पहुंच चुकी है। जब रामकुमार वहां पहुंचा तो उसने देखा कि महिला सफेद अर्टिगा कार में दो अन्य पुरुषों के साथ बैठी है। प्रार्थी ने महिला को अपने मालिक के खाली पड़े ट्रेनिंग सेंटर में ले जाकर पूजा की तैयारी कराई। महिला और उसके साथियों ने पूजा सामग्री मांगी – दो मटका, चावल, आटा, नींबू और एक लाख रुपए नकद। रात्रि लगभग 8 बजे पूजा शुरू की गई। थोड़ी देर बाद मंदा पासवान ने रामकुमार से कहा कि वह सिंदूर की पांच डिब्बी ले आए। जब वह बाजार से वापस लौटा तो आरोपी महिला और उसके साथी वहां से गायब थे। काफी तलाश करने के बाद भी जब कोई नहीं मिला तो उसने तत्काल थाना पुलगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई।

**तीन आरोपी गिरफ्तार, नकद व वाहन जब्त :** प्रार्थी की शिकायत पर थाना पुलगांव में धारा 318(4), 3(5) बी.एन.एस. के तहत अपराध दर्ज किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की और उन्हें घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों से कुल 7 मोबाइल फोन, एक लाख रुपए नगद और एक अर्टिगा कार जब्त की गई।

गिरफ्तार आरोपियो में, मंदा पासवान उर्फ मंदा ठमके उर्फ मंदा वाघमारे (42 वर्ष) – निवासी यवतमाल, महाराष्ट्र। अमरदीप प्रहलाद दामोदर (34 वर्ष) – निवासी श्रीराम कॉलोनी, चिखली, महाराष्ट्र। संजय विलास जमुना (28 वर्ष) – निवासी मारेगांव, यवतमाल, महाराष्ट्र। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के कई जिलों में सक्रिय रहा है, जो पूजा-पाठ के नाम पर लोगों को ठगने का काम करते थे। सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# देवउठनी एकादशी पर राउताइन हांथा चित्रकला प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ कलाकारों का सम्मान

### यादव संघ मित्र कल्याण मंडल दुर्ग द्वारा छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस और तुलसी विवाह का हुआ आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** देव उठनी एकादशी के पावन अवसर पर यादव संघ मित्र कल्याण मंडल जिला दुर्ग द्वारा सांस्कृतिक, धार्मिक एवं पारंपरिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संघ के प्रधान कार्यालय श्री गहिरा गुरु धाम, यादव सांस्कृतिक भवन, दुर्ग में सायं 6 बजे से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के राज्य गीत के सामूहिक गान के साथ हुआ, जिसके माध्यम से उपस्थित जनों ने छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें स्थापना दिवस का उल्लासपूर्वक उत्सव मनाया। तत्पश्चात विधि-विधानपूर्वक भगवान शालिग्राम व माता तुलसी का विवाह संपन्न हुआ। इस अवसर पर पारंपरिक रीति से गन्ने का मंडप बनाकर, चन्दन, बंदन, श्रीफल, मेवा-मिष्ठान एवं रितुफल के साथ पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर यादव महिलाओं द्वारा परंपरागत रूप से गौ माता को ÷सौहाई÷ बांधी गई तथा यादवी दोहों का पाठ करते हुए सुख-समृद्धि की कामना की गई।



**राऊताईन हांथा चित्रकला प्रतियोगिता में 125 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा :** कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा राऊताईन हांथा चित्रकला प्रतियोगिता, जिसमें दुर्ग जिले की 125 यादव महिलाएं शामिल हुईं। पारंपरिक कूंची और प्राकृतिक रंगों से सजाई गई इन कलाकृतियों में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति और यादवी परंपरा की झलक देखने को मिली। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रीमती फुलेश्वरी यादव, द्वितीय स्थान श्रीमती निर्मला यादव तथा तृतीय स्थान श्रीमती रजनी यादव को प्राप्त हुआ। सभी विजेता प्रतिभागियों को श्रीफल, पितांबरी गमछा एवं मोरपंख जड़ी अहीर पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। अन्य प्रतिभागियों को भी स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

**मुख्य अतिथि डॉ. मानसी गुलाटी ने किया पारंपरिक संस्कृति के संरक्षण का आह्वान :** कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेविका एवं युवा भाजपा नेत्री डॉ. मानसी गुलाटी ने अपने उद्बोधन में कहा - ÷यादव संघ मित्र कल्याण मंडल पिछले 19 वर्षों से राऊताईन हांथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर छत्तीसगढ़ की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का कार्य कर रहा है। इस वर्ष 20वां आयोजन है, जो हमारी परंपराओं के प्रति समाज की गहरी निष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की चकाचौंध में शहरों से यह परंपरा लगभग लुप्त हो रही है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी यह सहज रूप से जीवित है। उन्होंने समाज से आग्रह किया कि आने वाली पीढ़ियों को इस विरासत से जोड़कर रखें ताकि यह गौरवशाली परंपरा सदैव अक्षुण्ण बनी रहे।

**संघ ने राज्य सरकार से की अनुदान जारी करने की मांग :** संघ के अध्यक्ष कमलेश यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पिछले दो वर्षों से राऊताईन हांथा चित्रकला प्रतियोगिता एवं राऊत नाच महोत्सव हेतु अनुदान जारी नहीं किया गया है। उन्होंने शासन से अनुरोध किया कि दोनों आयोजनों की लंबित राशि शीघ्र जारी की जाए ताकि समाज की यह पारंपरिक धरोहर संकट में न पड़े। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में वार्ड क्रमांक 24 की पार्षद डॉ. पायल पाटिल, वार्ड क्रमांक 23 के पार्षद मनोज सोनी, संघ के उपाध्यक्ष हर्ष हिंद यादव, सचिव उमराव यादव, कोषाध्यक्ष ललित यादव, महामंत्री आर्य हिंद यादव, भरत यादव, शिव यादव सहित अनेक समाजसेवी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मिलजुल कर किए गरीब महिला का दशकर्म

### उमरावनगर के ग्रामीणों ने दिया मानवता का परिचय

समवेत शिखर संवाददाता



**थान खम्हरिया।** ग्राम पंचायत उमराव नगर के ग्रामीणो ने एक गरीब महिला की मृत्यु उपरांत दशकर्म कार्यक्रम के लिए सहयोग राशि के षाथ ही अन्नदान कर मानवता का परिचय दिया है जिसकी सर्मृव सभाज ने सराहना किया है।उक्त गरीब परिवार की माली हालत ठीक नही होने के कारण कुछ समाजसेवी युवको ने अपने विचारो को ग्रामीणो के समक्ष रखा जिस पर ग्राम के समूचे बुजुर्गो ने गांव की बेटी गंगा बाई पिता मेहतर की आत्मा की शांति के लिए दशकर्म कार्यक्रम के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने सहर्ष राजी हो गये। ग्राम पंचायत के सरपंच राजेश कुमार साहू ,उप सरपंच व साहू समाज के अध्यक्ष उमरावनगर अशोक कुमार साहू,ग्राम के पटेल हरीश चंद साहू, पंच रामनाथ साहू, नारोंतम साहू, प्रदीप साहू, समाज सेवी अमर साहू, रोजगार सहायक गंगदेव साहू, गिरधारी साहू, चुन्नू राम साहू,सोनू साहू , सुरेश साहू, पुखराज वर्मा, चंदनाहु कुर्मी समाज अध्यक्ष उमराव नगर सुशील चंद्राकार, दिलेश्वर वर्मा, कुम्भज श्रीवास,भुला यदु, महेश ध्रुव जैसे सभी वईग जाति के लोगो ने आपनी सहायत प्रदान कर मिशाल पेश किया है। प्रदेश व देश मे जिस तरीके जाति व क्षेत्रवास की बयार चल रही है ऐसे मे समाजिक समरसता कायम करना सभी जाति धर्म के लिए एक बडी सीख देता है।उमरावनगर के ग्रामीणो की इस मानवता के लिए श्रमजीवी पत्रकार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष फिरोज खान, ब्लॉक उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम अग्रवाल, जितेन्द्र उपाध्याय, गौरव बिन्दल, अनिल सिंघानिया, गोपाल शर्मा सहित पूर्व सरपंच जलेश्वर सिह राजपूत, अजय शर्मा, सिराज कुरैशी, संजय वैष्णव, योगेन्द्र सिह, सनत राजपूत, लीलाधर चंद्राकर आदि लोगो उमरावनगर के ग्रामीणो की इस मानवता भरी परिचय के लिए साधुवाद दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित एनएसएस की छात्रा लेखनी साहू ने राज्यपाल से की सौजन्य भेंट

**रायपुर।** राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित कोरबा जिले के एनएसएस की छात्रा कुमारी लेखनी साहू ने आज राजभवन में राज्यपाल श्री रमेन डेका से सौजन्य भेंट की। राज्यपाल ने लेखनी साहू के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुमारी लेखनी साहू को विगत 6 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया था। सुश्री लेखनी ने समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा जागरूकता और शासन की योजनाओं को आम जनता तक पहुँचाने जैसे कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई है। राज्यपाल रमेन डेका ने उनसे उनके अनुभवों पर चर्चा की और कहा कि ऐसे युवा समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने लेखनी को सतत रूप से समाजसेवा के कार्यों में जुड़े रहने और दूसरों के लिए मिसाल बनने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर छात्रा के परिजन भी उपस्थित थे।



### रेल परियोजनाओं की प्रदर्शनी बनी छत्तीसगढ़ जनता के बीच आकर्षण का केंद्र



**रायपुर।** 01 से 05 नवंबर, 2025 तक रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्योत्सव । समारोह रजत जयंती में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे लगाई गई रेल परियोजनाओं की प्रदर्शनी बनी छत्तीसगढ़ जनता के बीच आकर्षण का केंद्र।

### रागिनी पांडे को पीएचडी की उपाधि से नवाजा गया

**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा डॉ. रागिनी पांडे को पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई है। आप रविशंकर शुक्ल वि वि के महिला छात्रावास में अधीक्षिका के पद पर कार्यरत हैं आप अपना शोधकार्य ठेका श्रमिकों पर कोविड-19 के प्रभाव : रायपुर नगर निगम के संदर्भ में एक सामाजिक-आर्थिक अध्ययन विषय पर पूर्ण किया है। यह अध्ययन कोविड-19 महामारी के दौरान ठेका श्रमिकों के जीवन पर पड़े सामाजिक और आर्थिक प्रभावों पर आधारित एक महत्वपूर्ण शोध है। डॉ. पांडे ने अपने शोध में रायपुर नगर निगम क्षेत्र के श्रमिकों की आजीविका, रोजगार असुरक्षा, आय में कमी, स्वास्थ्य संकट और सामाजिक चुनौतियों का गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया है। डॉ. रागिनी पांडे पिता श्री चक्रधर पाण्डेय की सुपुत्री हैं तथा वे टिकरापारा रायपुर के निवासी स्वर्गीय श्री जगत नारायण तिवारी की पुत्रवधू एवं श्री मनीष तिवारी, इंस्पेक्टर (पुलिस विभाग) की धर्मपत्नी हैं। उनका यह शोध सामाजिक विज्ञान एवं श्रम अध्ययन के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय योगदान माना जा रहा है, जो भविष्य में श्रमिक कल्याण नीतियों को दिशा प्रदान करेगा।



### जैतू साव मठ पुरानी बस्ती में तुलसी शालिग्राम विवाह धूमधाम से हुआ

**रायपुर।** श्री जैतू साव मठ पुरानी बस्ती रायपुर में रविवार 2 नवंबर को मठ में श्री तुलसी शालिग्राम विवाह संपन्न हुआ , भगवान जी को विशेष श्रृंगार किया गया, तुलसी चौरे को गन्ने के मंडप से सजाया गया, भगवान श्री को तेल हल्दी अर्पण किया गया एवं वैदिक पद्धति से पूर्ण विवाह पूजन किया गया , माताओं द्वारा विवाह गीत गया गया ,लाई से परिक्रमा की गया, बेर, चना भाजी, जाम, लाल भाजी, सिंघाड़ा, मिष्ठान फल इत्यादि भोग लगाया गया, उपस्थित दर्शनार्थियों को प्रसाद वितरण किया गया साथ ही प्रति वर्ष की भाती 21 जोड़ो का सामूहिक एकादशी उद्यापन हवन पूजन किया गया, इस अवसर पर राजश्री महंत रामसुंदर दस जी महराज, सचिव महेंद्र अग्रवाल, अजय तिवारी, पुजारी सुमित तिवारी , दीपक पाठक, विवेक वैष्णव, शैल अग्रवाल, शारदा शुक्ला , संतोषी अग्रवाल, उषा झा, मनीषा यदु, शालिनी अग्रवाल,बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



# देवउठनी एकादशी पर मुख्यमंत्री निवास में श्रद्धा एवं पारंपरिक विधि विधान से हुआ तुलसी विवाह

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सपरिवार की पूजा-अर्चना

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक विधि-विधान के साथ तुलसी विवाह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने माता तुलसी एवं भगवान शालिग्राम का विवाह संपन्न कराया और सपरिवार पूजा-अर्चना की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि देवउठनी एकादशी धर्म, अध्यात्म और प्रकृति के संतुलन का प्रतीक है। भगवान श्री विष्णु के योगनिद्रा से जागरण के साथ ही शुभ कार्यों की पुनः शुरुआत होती है। तुलसी विवाह समाज में पवित्रता, सौहार्द और एकत्व की भावना को जागृत करता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं में तुलसी विवाह का विशेष महत्व है। यह पर्व हमें परिवार, समाज और प्रकृति के बीच सामंजस्य और संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देता है। हमारी लोक संस्कृति में तुलसी विवाह को पवित्रता और समर्पण का प्रतीक माना गया है, जो जीवन में सात्त्विकता और सद्भावना का संचार करता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्यता की मंगलकामना करते हुए कहा कि सृष्टि के पालनहार भगवान श्री विष्णु और माता तुलसी की कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास हो, तथा समूची सृष्टि में आरोग्य, सौहार्द और मंगलमय ऊर्जा का संचार हो। उन्होंने कहा कि यह पर्व न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि जीवन में संतुलन, सकारात्मकता और नव आरंभ का प्रतीक भी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेशवासियों को देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह के पावन अवसर की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और कहा कि यह पर्व हमारी समृद्ध परंपराओं, लोकआस्था और जीवनमूल्यों को निरंतर जीवंत रखने का प्रतीक है।

## परिवहन विभाग दे रहा सुरक्षित वाहन संचालन और आधुनिक परिवहन सेवाओं की उपयोगी जानकारी

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव-2025 में परिवहन विभाग का स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। विभाग द्वारा यहाँ आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा, आधुनिक परिवहन सेवाओं और तकनीकी नवाचारों की जानकारी सरल और रोचक तरीके से दी जा रही है।



राज्योत्सव में आए आगंतुकों ने परिवहन विभाग के इस स्टॉल को शिक्षाप्रद और जागरूकता बढ़ाने वाला बताया। स्लॉट में आने वाले लोगों ने परिवहन विभाग द्वारा प्रदर्शित पहलुओं को सड़क सुरक्षा और आधुनिक परिवहन प्रणाली की दिशा में एक सराहनीय प्रयास बताया है। स्टॉल में बड़े एलईडी स्क्रीन के माध्यम से 'वाहन चलाने से पहले और वाहन चलाने के दौरान सुरक्षित व्यवहार' पर आधारित वीडियो मॉड्यूल्स दिखाए जा रहे हैं। कुल 37 मिनट के 12 वीडियो मॉड्यूल्स के जरिए वाहन चालकों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया जा रहा है। ये सभी मॉड्यूल्स 'सारथी परिवहन प्लेटफार्म' पर भी उपलब्ध हैं। स्टॉल में लगाए गए सिम्युलेटर के माध्यम से आगंतुक सुरक्षित वातावरण में वाहन चलाने का अभ्यास कर रहे हैं। यह सिम्युलेटर वाहन संचालन से पहले प्रशिक्षण का एक उपयोगी माध्यम साबित हो रहा है।

## लोगों ने जनसम्पर्क विभाग की फोटो प्रदर्शनी को सराहा

### राज्य की उपलब्धियों और योजनाओं की दिखी झलक

समवेत शिखर न्यूज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष पर नवा रायपुर अटल नगर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर में आयोजित 5 दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम में जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई छायाचित्र प्रदर्शनी दूसरे दिन लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

प्रदर्शनी में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं, विकास कार्यों, सामाजिक उत्थान, महिला सशक्तिकरण तथा डिजिटल प्रगति को छायाचित्रों और आंकड़ों के साथ रोचक रूप में प्रदर्शित किया गया है। एलईडी स्क्रीन पर लगातार प्रसारित हो रही सॉफ्ट स्टोरी के माध्यम से लोग योजनाओं को सहज और सरल तरीके से समझ रहे हैं। नयापारा राजिम से आई मां दुर्गा स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इसे बेहद उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया। समूह की अध्यक्ष श्रीमती नेहा साहू ने बताया कि उन्हें महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है। साथ ही उनके बच्चे को आंगनवाड़ी केंद्र से पूरक पोषण आहार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाएं महिलाओं के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। समूह की सचिव श्रीमती संतोषी साहू ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि यहां प्रदर्शित योजनाओं से उन्हें कई नई जानकारियां मिलीं। प्रदर्शनी में पहुंची नवीन कॉलेज की छात्राएं कुमारी टीनू साहू, खुशबू साहू, पाखी सोनवानी, प्रियंका, काजल निहाल और कंचन यादव ने कहा कि महतारी वंदन योजना, भर्ती में पारदर्शिता और मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना जैसी लोगों के लिए वरदान हैं। उन्होंने कहा हम प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे है और यह जानकर अच्छा लगा कि सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर है। राज्योत्सव घूमने आई रायपुर की पारुल चंद्राकर, सोनाली धुरंधर और विधि धुरंधर ने जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## शिल्पग्राम में झलकी छत्तीसगढ़ की परंपरा और रचनात्मकता

### बेलमेटल, काष्ठ कला, माटी कला और टेराकोटा से निर्मित सजावटी वस्तुओं के प्रति दिख रहा रुझान

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 25 वीं वर्षगांठ रजत जयंती के अवसर पर नवा रायपुर में आयोजित भव्य राज्योत्सव में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। राज्योत्सव परिसर में निर्मित शिल्पग्राम में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं और विभिन्न स्टॉलों से मनपसंद चीजों की खरीददारी कर रहे हैं।

यहां प्रदेशभर से आए बुनकर और शिल्पकार अपने श्रेष्ठ उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय कर रहे हैं, जिनमें कोसा और रेशमी साड़ियाँ, पारंपरिक ड्रेस मटेरियल, खादी परिधान, बेलमेटल, काष्ठ कला, माटी कला और टेराकोटा की आकर्षक वस्तुएँ आगंतुकों को खूब लुभा रही हैं। महोत्सव में स्थापित शिल्पग्राम प्रदेश की समृद्ध कला, संस्कृति और शिल्पकला का केंद्र बिंदु बना हुआ है। यहां हस्तशिल्प, माटीकला, खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, रेशम प्रभाग, बिलासा हैंडलूम, हथकरघा इत्यादि के स्टाल लगाए गए हैं। साथ ही राज्योत्सव घूमने आए लोगों के लिए विशेष सजावट कर रंग-बिरंगे और छत्तीसगढ़ के पारंपरिक आभूषणों, पर्वों के प्रतीकों पर आधारित सेल्फ़ी पॉइंट भी बनाए गए हैं, जिसमें सेल्फ़ी लेने की होड़ मची है। यहां बिचौलियों के अभाव में ग्राहकों को उचित मूल्य पर उत्पाद सुलभ हो रही हैं, वहीं शिल्पियों को भी बेहतर आय हो रही है। कुछ दुकानों में अच्छे उत्पाद बाजार से कम मूल्य पर भी उपलब्ध है। ग्राहकों को शिल्पकारों और बुनकरों द्वारा उत्पादों में छूट भी दी जा रही है।

## श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा व चातुर्मास पूर्णता पर शत्रुंजय तीर्थ की भावयात्रा



### दादागुरुदेव की बड़ी पूजा

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** जैन चातुर्मास के समापन पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में श्री सिद्धाचल के पट्ट के सम्मुख चैत्यवंदन किया जावेगा । कार्तिक पूर्णिमा के शुभ दिवस 10 करोड़ मुनि सिद्धाचल पर्वत पर मोक्ष सिधारे थे । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि 5 नवम्बर बुधवार कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर दादागुरुदेव की बड़ी पूजा प्रातः 9 . 30 बजे से आरम्भ होगी। पूजा पश्चात गुरुप्रसादी लाभार्थी परिवारों की ओर से रखी गई है ।

## रायपुर में मिला गौ मांस, गौ-सेवकों ने लगाया तस्करी का आरोप

### पुलिस बोली- मरी हुई गाय को बिना पूछे काटा गया, आरोपी पर केस दर्ज

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के विधानसभा थाना क्षेत्र में गौ मांस मिलने से हड़कंप मच गया। गौ-सेवकों ने आरोप लगाया कि इलाके में गौ मांस की तस्करी की जा रही है। वहीं विधानसभा थाना को इस घटना की सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने मौके से एक चारपहिया वाहन और गौ मांस के अवशेष जब्त किए हैं। विधानसभा थाना की पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। ग्राम छपोरा के भगवान दास गेन्डरे ने विधानसभा थाने में शिकायत की थी। रिपोर्ट में बताया कि उसने 1 नवंबर को गौवंश को गांव में चरने के लिए छोड़ा था, लेकिन वो रात में वापस नहीं आई। काफी तलाश करने के बाद भी गौवंश का कोई पता नहीं चल सका। दूसरे दिन भगवान दास ने गांव के लोगों से गौ वंश को लेकर पूछताछ की तो पता चला कि उसकी गौवंश को इंदर चंद लहरी ने काट डाला और उसके मांस को बेच दिया। इसके बाद भगवान दास थाना पहुंचा और इंदर चंद के खिलाफशिकायत की। उसने बताया कि इंदर चंद गौ वंश काट डाला और उसके मांस को बेच दिया। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गाय की पहले ही मौत हो चुकी थी, जिसके बाद आरोपी ने बिना अनुमति के उसका मांस काटा था। आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में इसकी पुष्टि की है। गौ वंश मालिक की शिकायत पर पुलिस आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर ली है। पूरे मामले का खुलासा रायपुर पुलिस के अधिकारी जल्द करेंगे। विधानसभा सीएसपी वीरेंद्र चतुर्वेदी ने गौ मांस बरामद करने और आरोपी पर कार्रवाई करने की पुष्टि की है।

### रायपुर के ब्लू-वाटर खदान में डूबे छात्रों का शव मिला, क्लास बंक कर घूमने गए थे, गहरे पानी में समाए

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** राजधानी के नवा रायपुर स्थित ब्लू वाटर खदान में डूबे 2 बच्चों का शव 36 घंटे बाद मिला है। घटना 31 अक्टूबर की शाम की है, जब खदान के पानी में नहाने उतरे दोनों बच्चे डूब गए थे। एसडीआरएफऔर पुलिस की संयुक्त टीम ने 2 नवंबर की सुबह शव बरामद कर लिया है। घटना माना थाना क्षेत्र की है। छात्र जयेश साहू और मृदुल 10वीं के छात्र थे। वे लोग क्लास बंक कर ब्लू वाटर खदान घूमने आए थे। जब वे नहाने उतरे तो गहरे पानी में चले गए। दरअसल यह खदान काफी गहरा है और इसका पानी पूरी तरह से नीला है। 2017 से अब तक यहां डूबने से 9 लोगों की मौत हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक, 31 अक्टूबर को टाटीबंध के छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले 9 छात्रों के एक ग्रुप ने ब्लू वाटर खदान में घूमने का प्लान बनाया। सभी बच्चे स्कूल बंक करके स्कूल यूनिफॉर्म में ही घूमने आ गए। इसी बीच दो छात्र जयेश साहू और मृदुल ब्लू वाटर में नहाने उतरे। नहाने के दौरान जयेश और मृदुल गहरे पानी में चले गए और डूब गए। उनके दोस्तों ने जब उन्हें पानी में डूबता देखा, तो शोर मचाया और आसपास के लोगों से मदद मांगी।

## भगवान राघवेंद्र सरकार जो चाहते हैं वही होता है: राजेश्री महन्त

### राजेश्री ने कहा- आप खोखरा गांव से चलकर राजधानी में भागवत कथा का वाचन कर रहे हैं यह गौरव का विषय है

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज खो खो तालाब ,आदर्श नगर, कुशालपुर, रायपुर में तंबोली परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित हुए। उन्होंने व्यास पीठ की पूजा अर्चना की आचार्य पवन चतुर्वेदी जी महाराज ने भी शाल श्रीफल भेंट करके महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

स्वागत के पश्चात राजेश्री महन्त जी महाराज ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि - इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए दो दिन पहले आया था किंतु स्थान का सही पता नहीं मिल पाने के कारण पुनः वापस जाना पड़ा। कुशालपुर श्री दूधाधारी मठ से बहुत अधिक दूरी पर नहीं है किंतु भगवान राघवेंद्र सरकार जो चाहते हैं वही होता है। उनकी इच्छा के बिना कोई भी कार्य संपन्न हो नहीं सकता! शायद हमें यहां आज ही पहुंचना था इसलिए आप लोगों के बीच में उपस्थित हुए हैं। श्री रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज ने लिखा है कि-राम कीन्ह चाहहि सोई होई। करे अन्यथा अस नहीं कोई। उन्होंने कहा कि आचार्य चतुर्वेदी जी महाराज जांजगीर चांपा जिले के ग्राम खोखरा से चलकर राजधानी में श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा सुना रहे हैं, यह गौरव का विषय है । ईश्वर से प्रार्थना है कि वे सनातन धर्म का प्रचार प्रसार देश के कोने-कोने में जाकर इसी तरह करते रहें। इस अवसर पर आचार्य जी ने स्वागतम श्री रामसुन्दर, स्वागतम है आपका मधुरतम गीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया और कहा कि संत महात्माओं के आशीर्वाद से बढ़कर इस संसार में कुछ भी नहीं है। आपके आगमन से हम सभी धन्य हुए। कार्यक्रम में विजय श्रीमती सुभद्रा तंबोली, दिनेश श्रीमती उषा तंबोली, बबलू श्रीमती सरोजिनी तंबोली, प्रकाश श्रीमती उषा महोबिया, निशा, चेतना, डाली, संपूर्णा, मानस, आराध्य सहित तंबोली परिवार के सभी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे प्रेस को जानकारी मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव ने प्रदान की।

### संगीतमय श्री राम कथा एवं भव्य संत सम्मेलन का शुभारंभ

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित श्री दूधाधारी मठ में 2 नवंबर को संगीतमय श्रीराम कथा एवं भव्य संत सम्मेलन का शुभारंभ सुबह 9:00 बजे हुआ व्यास पीठ विराजित होने के लिए श्री अयोध्या धाम से अनंत श्री विभूषित श्री स्वामी सियाराम शरण दास जी महाराज पधारे हुए हैं। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने बताया कि यह कार्यक्रम 2 नवंबर से 10 नवंबर 2025 तक आयोजित है। समय सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे एवं अपरान्ह 3 से शाम 6:00 बजे तक निश्चित है। यह कार्यक्रम सत्संग भवन में संचालित हो रहा है। प्रथम दिवस कथा का रसपान करने के लिए उज्जैन मध्य प्रदेश से माधव एक्सप्रेस के संपादक राहुल मिश्रा जी, मठ मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सदस्य विजय पाली, राजेश अग्रवाल, विनोद मंगल अग्रवाल, रामकृष्ण पाली, राम छवि दास, शिव शंकर पांडे सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण सम्मिलित हुए।



## आस्था ने छुआ हृदय: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रामनामी समाज के प्रतिनिधियों की आत्मीय भेंट

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रामनामी समाज के बीच आत्मीय संवाद का एक वीडियो देश में तेजी से वायरल हुआ है। इस वीडियो को अपने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इसे भावनात्मक और प्रेरणादायी पल बताया है ।

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित रजत महोत्सव के दौरान एक हृदयस्पर्शी दृश्य उस समय देखने को मिला, जब रामनाम में लीन जीवन जीने वाले रामनामी समाज के प्रतिनिधियों ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से आत्मीय भेंट की। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बताया कि प्रधानमंत्री जी के रायपुर प्रवास से कुछ ही घंटे पहले मंत्रालय में रामनामी समुदाय के प्रतिनिधियों से उनकी भेंट हुई थी। उन्होंने प्रधानमंत्री जी से मिलने की अपनी प्रबल इच्छा व्यक्त की थी, जिसके अनुरूप इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जब रजत महोत्सव के दौरान रामनामी समुदाय के ये श्रद्धालु प्रधानमंत्री श्री मोदी से मिले, तब उन्होंने बड़े आदर और प्रेम से प्रधानमंत्री जी को अपने पारंपरिक मोर मुकुट से मुख्य मंच पर अलंकृत करने की अभिलाषा प्रकट की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जिस सहजता, स्नेह और आत्मीय भाव से उनके इस अनुरोध को स्वीकार किया, वह क्षण वहां उपस्थित सभी लोगों के लिए अत्यंत भावनात्मक और प्रेरणादायी बन गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनाम ही जिनका धर्म, रामभक्ति ही जिनका कर्म - ऐसे अद्भुत और राममय रामनामी समाज के सदस्यों के तन पर अंकित 'राम' केवल एक नाम नहीं, बल्कि समर्पण, तपस्या और अटूट आस्था का प्रतीक है। यह समुदाय अपने तन, मन और जीवन को प्रभु श्रीराम के चरणों में अर्पित कर देता है – यही उनकी जीवन साधना है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की इस आत्मीयता में भक्ति और कर्म का अद्वितीय संगम झलकता है। यह दृश्य इस सत्य को पुष्ट करता है कि रामभक्ति केवल पूजा नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पवित्र साधना है।

## न्यूज ब्रीफ

### चतुर्थ राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए एकलव्य विद्यालय पेण्ड्री के 8 छात्रों का चयन

**राजनांदगांव।** चतुर्थ राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 15 नवम्बर 2025 तक ओडिशा राज्य के सुन्दरगढ़ में आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता के ताइक्कांडो एवं कुश्ती खेल विधा में शामिल होने के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री के 8 छात्रों का चयन हुआ है। चयनित छात्रों को प्रतियोगिता में शामिल होने के पूर्व रायपुर एवं बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कोचिंग कैम्प के लिए रवाना किया गया। संभाग और राज्य स्तरीय ताइक्कांडो एवं कुश्ती खेल विधा में विजयी प्रतिभागी अब राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। राज्य स्तरीय कोचिंग कैम्प में शामिल होने के लिए छात्रों के साथ विद्यालय के खेल प्रभारी श्री साहिल दलाल तथा एस्कॉर्ट शिक्षक श्री हितेश खत्री को रवाना किया गया। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सुश्री दीक्षा गुप्ता, विद्यालय के प्राचार्य श्री मनीष कुमार एवं शाला परिवार ने छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी है।

### ग्राम भोथीपारखुर्द पुराना में निःशुल्क एक दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव।** पशुधन विकास विभाग के निर्देशानुसार ग्राम भोथीपार खुर्द पुराना में एक दिवसीय निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पशु चिकित्सा शिविर में ग्राम के सभी किसानों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। शिविर में 110 पशुओं का उपचार किया गया। इसी तरह दवा वितरण 150, बंध्याकरण 32, किलनी जू नाशक दवा छिड़काव 150, कृमि नाशक दवा पान 115, गर्भ परीक्षण 1, बांझपन उपचार 1, ब्लड सैंपल 10, सीरम सैंपल 10, फिक्ल सैंपल 25 आदि कार्य किया गया। शिविर का लाभ 32 कृषकों ने लिया। शिविर से 136 पशुओं को लाभ हुआ। शिविर में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी श्री सुनील कुमार शंखवार, पशु परिचारक श्री देवानंद मेश्राम, श्री दीपेंद्र सोनबोईर, ग्राम के किसान श्री उमेश साहू, श्री धन्नालाल साहू, श्री राजेश यादव, श्री गजाधर यादव, श्री मुकेश यादव, श्री दीनूराम यादव, श्री रितेश साहू, श्री केजनाथ यादव उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक हुई

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में शिविर लगाकर एक सप्ताह में पात्र हितग्राहियों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड एवं वयवंदन कार्ड बनाने के निर्देश दिए गए। मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत हाईरिस्क वाले गर्भवती माताओं की सूची बनाकर प्रत्येक सप्ताह फोन के माध्यम से उनकी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं सलाह हेतु निर्देश दिये गये। प्रसव के 15 दिन पूर्व गर्भवती माताओं के घर प्रति दिवस मितानिनों को भ्रमण करने एवं सुरक्षित संस्थागत प्रसव कराने निर्देशित किया गया। एएनसी-1 एवं एएनसी-4 पंजीयन में अंतर को कम करने तथा समस्त एएनसी शत-प्रतिशत किये जाने तथा आयरन की टैबलेट वितरण करने तथा शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराये कहा। संस्थागत प्रसव कम कराये जाने पर बागरेकसा, करमतरा एवं बुचाटोला प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

# राज्योत्सव 2025 : विस अध्यक्ष ने विभिन्न स्टॉल एवं प्रदर्शनी का किया अवलोकन

### विभिन्न विभागों के स्टॉल में जनमानस को शासन की जनहितकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की मिल रही जानकारी

समवेत शिखर संवाददाता





**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (म्यूनिसिपल स्कूल मैदान) राजनांदगांव में राज्योत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विभागीय स्टॉल एवं प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

राज्योत्सव के अवसर पर जनसंपर्क विभाग के स्टॉल में शासन की लोकहितकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका, छत्तीसगढ़ में सुशासन के लिए नवाचार ब्रोसर, विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम, छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पत्रिका का निःशुल्क वितरण किया गया। जनसंपर्क विभाग की फोटो प्रदर्शनी में शासन तथा जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों को प्रदर्शित किया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में पोट्ठ लईका पहल के संबंध में जानकारी देते हुए बच्चों के सुपोषण के संबंध में जागरूक किया गया। पौष्टिक एवं मिलेट्स व्यंजन तथा स्थानीय भाजियों, तिरंगा भोजन पौष्टिक आहार की प्रदर्शनी लगाकर जानकारी प्रदान की जा रही है। जनमानस को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के संबंध में बताया जा रहा है। कृषि विभाग के स्टॉल में रबी फसल चक्र परिवर्तन अंतर्गत धान के बदले कम पानी की आवश्यकता वाले फसलों को बढ़ावा देने के संबंध में जानकारी दी गई। महिला स्वसहायता समूह के उत्पादों रागी, कोदो, तेलघानी का सरसो तेल, जैविक चावल, बिक्री के लिए उपलब्ध रहे। वही कृषक पाठशाला में किसानों को शासन की विभिन्न लोकहितैषी योजनाओं की जानकारी दी गई। चना फसल की उन्नत उत्पादन तकनीक, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मक्का की उन्नत उत्पादन तकनीक, जैविक खेती से अवगत कराया गया। कृषि कार्य के प्रमुख यंत्र के संबंध में बताया गया। उद्यानिकी विभाग के स्टॉल में गेंदा की खेती, शिमला मिर्च, केला, पपीता, बैगन, टमाटर एवं अन्य उद्यानिकी फसलों के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर किसानों को फसल चक्र परिवर्तन के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षा विभाग के स्टॉल में चंद्रयान-3 का मॉडल, पर्यावरण में मिथेन गैस पर आधारित विषैली एवं प्रदूषित गैस को अवशोषित कर दूर करने का मॉडल प्रदर्शित किया गया तथा स्कूली बच्चों के लिए शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के स्टॉल में चिला, फरा, चौसेला, अईरसा, ठेठरी खुर्मी जैसे व्यंजन उपलब्ध है। सीएसईबी के स्टॉल में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में जानकारी दी जा रही है और लोगों को इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस विभाग के स्टॉल में साइबर जागरूकता, सड़क सुरक्षा, नवा विहान की जानकारी दी जा रही है तथा विभिन्न शस्त्रों का प्रदर्शन किया गया है। परिवहन विभाग के स्टॉल में लर्निंग लायसेंस बनाने तथा हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट संबंधी कार्य किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान, राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी मातृत्व कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी जा रही है तथा शुगर एवं बीपी जांच की जा रही है।

समाज कल्याण विभाग के स्टॉल में दिव्यांग बच्चों के कौशल विकास के लिए हैण्ड्रीक्राफ्ट गतिविधियां तथा शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। क्रेडा विभाग के स्टॉल में सौर सुजला योजना, सोलर डूवल पंप, सोलर पावर प्लांट, सोलर हाई मस्ट, सोलर स्टील लाईट, बायो गैस सहित अन्य जानकारी दी जा रही है। आदिम जाति कल्याण विभाग के स्टॉल में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अलपसंख्यक वर्ग के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं, प्रयास आवासीय विद्यालय सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

पशुधन विभाग के स्टॉल में गौधाम योजना के बारे में बताया जा रहा है। इसी तरह सीआरसी, वन विभाग, स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग, विधिक सहायता, नगरीय निकाय, उद्योग विभाग, जल संसाधन विभाग, पीएचई विभाग, रेशम विभाग, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, खाद्य विभाग, मत्स्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है।

# एसपी पांडेय पहुंचे जनजागरूकता कार्यक्रम पुलिस सहायता केंद्र कोटमीसोनार क्षेत्र के ग्राम चंगोरी में

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर।** पिछले कुछ पूर्व ग्राम चंगोरी के महिलाओं ने जागरूकता दिखाते हुए अवैध कच्ची महुआ शराब एवं महुआ लाहन को पकड़े थे, जिसके विरुद्ध पुलिस कार्यवाही भी किया था जिसके लिए स्कने महिला कमांडो के सदस्यों का सम्मानित भी किया। ग्राम चंगोरी, पोड़ीडालहा एवं सांकर के महिलाओं का महिलाओं कमाण्डो का गठन कर टोपी एवं सीटी भी वितरण किया गया।

जन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान नशापान के दुष्प्रभाव से होने वाले नुकसान के संबंध में लोगों को जानकारी दी गई। सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए उचित बचाव के लिए मोटर सायकल चलाते समय हेलमेट पहनना, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, यातायात नियमों का पालन करने के संबंध जानकारी दी गई। समाज में बढ़ते नशाखोरी के विरुद्ध युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस सहायता केंद्र कोटमीसोनार थाना अकलतरा क्षेत्र के ग्राम चंगोरी जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिले के पुलिस कप्तान ने नशामुक्ति, जन जागरूकता की बड़ी प्रशंसा की इस तरह से कार्यक्रम में शामिल होना एक गौरवशाली क्षण बताया। अवैध शराब बिक्री करना एवं शराब का सेवन करना, जुआ, सट्टा खेलने से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया और कहा कि जिस बच्चे को सही शिक्षा मिलती है वह कभी भी काईम नहीं कर सकता।

नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला कमाण्डो का गठन कर टोपी, सीटी का वितरण किया गया कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को अश्वासन दिया कि यदि किसी प्रकार से कोई गांव क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री की जाती है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे एवं पुलिस के आते तक अवैध शराब बेचने वालो को पकड़कर रखें ताकि अवैध शराब बिक्री करने वालों को विरुद्ध उचित कार्यवाही की जा सके। उपरोक्त कार्यक्रम में एसडीओपीअकलतरा श्री प्रदीप कुमार सोरी, पुलिस सहायता केंद्र कोटमीसोनार प्रभारी एएसआई राजेंद्र सिंह एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक सहित 200 से अधिक संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# राज्योत्सव पर हुआ कवि सम्मेलन का आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर शानदार कवि सम्मेलन का आयोजन टीकाराम सारथी प्राचार्य के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।

सरस्वती वंदना रामलाल कोसले राजगीत संतोष कुमार साहू ने प्रस्तुत किया। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की खुशी में कवियों की बानगी सुन मन प्रफुल्लित हो रहा है अकादमी के हमारे साथी वाकई में कला साहित्य के धनी है।

उक्त उद्गार मुख्य अतिथि की आसंदी से टीकाराम सारथी हसमुख ने व्यक्त की।संस्थापक संयोजक डॉ शिवनारायण देवांगन आस ने कहा राज्योत्सव में हमारे कवि साहित्यकारों द्वारा कविता की प्रस्तुति मनमोहक है।शिक्षक कला साहित्य अकादमी के प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल,प्रदेश महासचिव डॉ.बोधी राम साहू,कार्यक्रम प्रभारी विजय प्रधान ने कवि सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कवि जो देखता है वहीं लिखता है, साहित्य समाज का आईना होता है हमारे विभिन्न विधाओं के कवि श्रृंगार,वीर रस,हास्य रस, व्यंग के कवियों ने कविता पाठ कर कार्यक्रम को रस मय बना दिया है। कविता के भावों को सुनकर मन में खुशी का एहसास होता है।कवि सम्मेलन का संचालन राधे श्याम कंवर प्रदेश संगठन मंत्री ने किया। कवि सम्मेलन में कविता पाठ ओ. पी.कौशिक रतनपुरिहा, श्रीमती चन्द्रकला शर्मा बेमेतरा, मदनलाल तोमर बिलाईगढ़, मनोहर लाल यादव भिलाई बलौदा, डॉ प्रमोद कुमार आदित्य जांजगीर, अश्वनी कुमार उईके सुल्ताननार, राजीव लोचन कश्यप सेमरिया, श्रीमती दुर्गा पाठक सांकरा धरसीवां, दिनेश कुमार दुबे बरेला, श्रीमती रेखा पात्रे डोंगियापारा बेलादुला जैजैपुर, ममता साहू कांकेर, आशुतोष मौर्य कटरा, हरमन कुमार बघेल आरंग, श्रीमती शशिकला पाण्डेय कुरुद भिलाई, चन्द्रमणी चौहान केराखोल तमनार ने कविता की बौछार कर राज्योत्सव की खुशियां मनाई। डॉ. बोधी राम साहू प्रदेश महासचिव शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़।

# एबीवीपी ने छत्तीसगढ़ महतारी को किया नमन, रजत स्थापना दिवस पर युवाओं ने लिया राज्य निर्माण का संकल्प

समवेत शिखर संवाददाता



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य के गौरवशाली रजत स्थापना दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) राजनांदगांव इकाई ने गौरव स्थल स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राज्य की संस्कृति, अस्मिता और मातृशक्ति को नमन किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की प्रगति और युवा शक्ति के सशक्त योगदान का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी हमारी पहचान और अस्मिता का प्रतीक है। यह दिवस हम सभी छत्तीसगढ़वासियों के लिए एक महापर्व की तरह है। उन्होंने कहा कि राज्य की उन्नति और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यार्थी परिषद निरंतर प्रयासरत रहेगी। उन्होंने कहा कि युवा ही राज्य की प्रगति का आधार हैं, और उन्हें अपनी शिक्षा व कौशल का उपयोग प्रदेश के विकास में करना चाहिए। परिषद सदैव राष्ट्रीयता, संस्कृति और सामाजिक सरोकार के मूल्यों को सशक्त करने के लिए कार्य करती रही है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धनंजय पांडेय, नगर सहमंत्री निकिता श्रीरंगे, प्रतीक गढ़वाल, भूपेंद्र पाल, महाविद्यालय प्रमुख जीत शर्मा, स्टूडेंट फॉर सेवा प्रमुख चैतन्य द्विवेदी, सोशल मीडिया प्रमुख यश श्रीवास्तव, सहप्रमुख ओजस उइके, स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट प्रमुख कुलदीप तथा नगर कार्यकारिणी सदस्य गुणवंत सिंह राजपूत सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में जय छत्तीसगढ़ महतारी का जयघोष किया। इस आयोजन ने शहरवासियों में भी राज्य की स्थापना दिवस की गरिमा और छत्तीसगढ़ की गौरवशाली संस्कृति के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया।

### राज्योत्सव में परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लायसेंस तथा हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट संबंधी किए जा रहे कार्य



समवेत शिखर संवाददाता

**राजनांदगांव।** राज्योत्सव 2025 का आयोजन 2, 3 एवं 4 नवम्बर 2025 को सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (म्यूनिसिपल स्कूल मैदान) राजनांदगांव में किया जा रहा है। राज्योत्सव में विभागीय स्टॉलों के माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लायसेंस तथा हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट संबंधी कार्य किया जा रहा है। जिले के नागरिक स्टॉल में उपस्थित होकर लर्निंग लायसेंस तथा हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट संबंधी कार्य करा सकते हैं।

# सतनामी समाज खम्हरिया (पुरई) अठगवां बैठक में हुआ पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह

### समाज सुधार और एकता के लिए नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

समवेत शिखर संवाददाता



**खम्हरिया/दुर्ग।** ग्राम पंचायत खम्हरिया स्थित सतनाम सदन में आज सतनामी समाज खम्हरिया (पुरई) की ओर से एक ऐतिहासिक अठगवां बैठक एवं शपथग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों ने समाज की दिशा और दशा सुधारने के लिए सामूहिक रूप से शपथ ली।

इस अठगवां बैठक में खम्हरिया के अलावा पुरई, हनोदा, ऊमरपोटी, करगाडीह, बोरीगारका, बोरीडीह और पाऊवारा सहित आसपास के सात गांवों से लगभग 70 सामाजिक कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। सभी ने समाजिक एकता, शिक्षा, नशामुक्ति, युवाओं की भागीदारी और संगठनात्मक मजबूती जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भविष्य में अन्य गांवों में भी इसी तरह की अठगवां बैठकें आयोजित की जाएंगी, ताकि समाज के सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

इस अवसर पर सतनामी समाज खम्हरिया की नई कार्यकारिणी के सदस्यों ने शपथ ग्रहण किया। अध्यक्षः अनिकेत देशलहरे, उपाध्यक्षः हेमन देशलहरे, सचिवः कुलदीप टंडन, कोषाध्यक्षः विजेन्द्र बंजारे, भंडारीः लाकेश टंडन, सह सचिवः पंकज कुर्रे, साटीदारः संतोष कुर्रे, संरक्षकः चंद्रप्रकाश टंडन। कार्यकारिणी सदस्यः दयानंद देशलहरे, बालकदास डहरे, डॉ. रोहित डहरे, अनिल कुमार चतुर्वेदी, चेतन चतुर्वेदी, लोमेश देशलहरे एवं कृष्ण कुमार टंडन। अठगवां से आए वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सभी को समाज सेवा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाजजन एवं अतिथियों का शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

# ‘ऑपरेशन शिक्षा उपहार’ के तहत ड्रॉपआउट बच्चों को देगी नई दिशा

### पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय का अभिनव प्रयास, ड्रॉप आउट बच्चों की पहचान और मुख्य धारा में शामिल करना

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर।** जिले के कॉलेजों के प्रिंसिपल/प्रोफेसरों का आहुत बैठक लिया जाकर ड्रॉपआउट बच्चों के संबंध में आवश्यक चर्चा की गई। जांजगीर, चांपा, अकलतरा, शिवरीनारायण पामगढ़, बलौदा कॉलेजों के सभी प्रिंसिपलो को इन्फॉर्मेशन किया गया है, जिसमें सर्वे कर ड्रॉपआउट बच्चों का बायोडाटा बनाना है।

ड्रॉपआउट बच्चों का बायोडाटा पूर्ण होने के बाद कलेक्टर साहब से चर्चा करके शासन के शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला बाल विकास विभाग सभी को जोड़कर बच्चों का पुनर्वास, उन्हें स्कूल/कॉलेज भेजने की प्रक्रिया शुरु किया जाएगा। जांजगीर -चांपा पुलिस ने अपराधों की रोकथाम के लिए एक अनूठा और सामाजिक दृष्टि से अत्यंत सराहनीय कदम उठाया है। जिले में जल्द ही ऑपरेशन शिक्षा उपहारनामक एक विशेष योजना शुरू की जा रही है, जिसका उद्देश्य उन ड्रॉपआउट बच्चों (जो किसी कारणवश स्कूल या कॉलेज की पढ़ाई बीच में छोड़ चुके हैं) को फिर से सही दिशा और अवसर प्रदान करना है। इसी कड़ी में जिले के प्रमुख कॉलेजों के प्रिंसिपल/प्रोफेसरों का आहुत बैठक लिया जाकर ड्रॉपआउट बच्चों के संबंध में आवश्यक चर्चा किया गया।

**ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान और मुख्य धारा में जोड़ना :** जिले के सभी स्कूलों और कॉलेजों के प्राचार्यों के सहयोग से एक सर्वे अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत शिक्षण संस्थानों में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को अपने क्षेत्र या मोहल्ले में रहने वाले ऐसे बच्चों की पहचान करनी होगी, जिन्होंने किसी कारणवश पढ़ाई छोड़ दी है। पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा ने बताया कि इस योजना का मूल उद्देश्य सिर्फ अपराध रोकना नहीं है, बल्कि समाज में स्थायी शांति व्यवस्था बनाए रखना और युवाओं को अपराध से दूर कर मुख्यधारा में पुनः शामिल करना है।

पुलिस विभाग का मानना है कि पिछले कुछ वर्षों में ड्रॉपआउट बच्चों की बढ़ती संख्या और उनके अपराधों में शामिल होने के मामलों ने चिंता बढ़ाई है। इसलिए, अब पुलिस सीधे समाज और शिक्षा संस्थानों के सहयोग से इस समस्या की जड़ पर कार्य करेगी।

**यह सर्वे उन बच्चों पर केंद्रित रहेगा**

- जो पारिवारिक या आर्थिक कठिनाइयों के कारण पढ़ाई जारी नहीं रख पाए।
- जो शिक्षा में कमजोर होने के बावजूद खेल, संगीत या अन्य कला में दक्ष हैं।
- अथवा जो गलत संगत या नशे की प्रवृत्ति के कारण अवैध गतिविधियों या अपराधों की ओर बढ़ गए हैं।
- इन बच्चों को अलग - अलग श्रेणियों में चिह्नित कर उनकी सूची तैयार की जाएगी, जिसके बाद जिला पुलिस टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन की व्यवस्था की जाएगी।
- अपराध रोकथाम की दिशा में सामाजिक नवाचार।

**समाज से अपील :** पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी नागरिकों, शिक्षकों, सामाजिक संस्थाओं एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे ऑपरेशन शिक्षा उपहार योजना में सक्रिय सहयोग दें। यह योजना न केवल अपराध की रोकथाम में सहायक होगी, बल्कि बच्चों को एक नया जीवन, नया अवसर और सही दिशा प्रदान करने में भी मील का पत्थर साबित होगी।

# मानसिक स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जांच और नि:शुल्क औषधि वितरण

समवेत शिखर संवाददाता

**बेमेतरा।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के निर्देशानुसार तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिला जेल बेमेतरा में विचाराधीन कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य जांच हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला चिकित्सालय बेमेतरा के चिकित्सक दल, नर्सिंग स्टाफ तथा फार्मासिस्ट ने सक्रिय सहभागिता निभाई। शिविर के दौरान कैदियों की मानसिक जांच विशेषज्ञों द्वारा की गई और आवश्यक परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। शिविर में उपस्थित चिकित्सकों ने कैदियों का मानसिक परीक्षण (साइकोलॉजिकल असेसमेंट) किया और जिन कैदियों में तनाव, अवसाद या मानसिक असंतुलन के लक्षण पाए गए, उन्हें आवश्यक दवाएँ और परामर्श दिया गया। डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गई, जिससे बंदियों को तत्काल राहत मिली। क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट नरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों से कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है तथा वे समाज में पुनः सकारात्मक रूप से लौटने के लिए तैयार होते हैं। ज्ञात हो कि इस प्रकार के मानसिक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविरों का आयोजन प्रत्येक माह जिला जेल बेमेतरा में नियमित रूप से किया जाता है। इस पहल का उद्देश्य जेल में बंद कैदियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का संरक्षण कर उन्हें पुनर्वास और सुधार की दिशा में प्रेरित करना है।

## न्यूज ब्रीफ

### खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए रमेश

**महासमुंद।** शनिवार को ग्राम भलेसर में श्री खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि रमेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।



दरअसल शनिवार को रायपुर में राज्योत्सव कार्यक्रम होने के कारण विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा उक्त कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। इस कारण उनके प्रतिनिधि के रूप में रमेश साहू शामिल हुए। अतिथियों सहित ग्रामीणजनों ने विधि विधान से पूजन कर श्री खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव मनाया गया। साथ ही इसके पश्चात भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रमेश साहू ने कहा कि श्री खाटू श्याम बाबा हारे का सहारा हैं। उनकी शरण में आने वाले की मनोकामना पूर्ण होती है। आगे कहा कि भलेसर वह पावन धरा है, जहां हमारे क्षेत्र के युवा विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का जन्म हुआ था। आज वें हमारे महासमुंद विधानसभा के 2 लाख लोगों के प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहे हैं। साथ ही इस आयोजन के लिए उन्होंने समस्त ग्रामवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### बैडमिंटन अंडर 17 : आयुष शुक्ला ने प्रथम रैंक प्राप्त किया

**बागबाहरा।** सांसद खेल महोत्सव सेवा पखवाड़ा 2025 सुनसुनिया के स्टेडियम में आयोजित किया गया जिसमें बैडमिंटन अंडर 17 आयुष शुक्ला ने क्लास 10वीं के विद्यार्थी जो की



कार्मल स्कूल के छात्र हैं अपना बेहतरीन प्रदर्शन देते हुए बागबाहरा बैडमिंटन कोर्ट इनडोर स्टेडियम में प्रथम रैंक अंडर 17 में प्राप्त किया।

### गोपाष्टक पर्व पर गौ सेवकों का सम्मान

**महासमुंद।** ग्राम भुरकोनी में गोपाष्टक पर्व मनाया गया। इस मौके पर गौ सेवकों का सम्मान किया गया। आयोजनकर्ताओं ने कृषि के देवता भगवान बलराम का जयघोष करते हुए कहा कि आज गौवंश की रक्षा बहुत जरूरी है। शासन को इस दिशा में सजगता के साथ संरक्षण की ओर प्रयास करना चाहिए साथ ही गौ सेवकों को भी पर्याप्त सुरक्षा और सम्मान दिया जाना चाहिए। इस मौके पर गौ सेवकों को गमछा व तिलक लगाकर सम्मानिक किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती भारती साहू, चित्ररेखा साहू, सुकांती साहू, चितम साहू, ललिता निषाद, गुड्डी यादव, संगीता ठाकुर, निशा निषाद, बृजलाल साव, युवराज साहू, सुनील साहू, कमल साहू, रिखीराम साहू, नरू साहू, खेम साहू, अंशु साहू, संजय साहू, तालसिंह ठाकुर, रूंजू निषाद, चोवालाल, मैकूलाल, मोती चक्रधारी, चाणक साहू आदि उपस्थित थे।

# राज्योत्सव 2025 का शुभारंभ : सांसद ने किया विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन

### हितग्राहियों को किया सामग्री वितरण

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित राज्योत्सव-2025 में पहले दिन जिले के 23 विभागों द्वारा पिछले 25 वर्षों की विकास यात्रा, सफल योजनाओं एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों को प्रदर्शित करने हेतु आकर्षक प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाए गए।





मुख्य अतिथि सांसद लोकसभा क्षेत्र महासमुंद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ स्टॉलों का विस्तृत अवलोकन किया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, स्काउट गाइड के राज्य आयुक्त इंद्रजीत खालसा, जिला स्काउट एवं गाइड जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोगरा पटेल, उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर,नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, प्रशांत श्रीवास्तव, आनंद साहू, प्रकाश शर्मा, महेंद्र जैन, महेंद्र सिक्का, राहुल चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण मौजूद थे।सांसद श्रीमती चौधरी एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने प्रदर्शनी के माध्यम से जिले में आधारभूत संरचना, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति को सराहते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी महासमुंद की विकास गाथा का जीवंत चित्रण है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आमजन तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। विभागवार लगाए गए स्टॉल में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा आधुनिक खेती, फसल विविधीकरण एवं जैविक कृषि तकनीकों का प्रदर्शन, पशुधन विकास विभाग द्वारा राज्य डेयरी उद्यमिता विकास, पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, उन्नत मादा वत्स पालन, बैकयार्ड कुक्कुट इकाई वितरण आदि की जानकारी प्रदर्शित दी गई। मछली पालन विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत संचालित योजनाएं एवं मत्स्य बीज संवर्धन, उत्पादन, एवं उपलब्धियों की जानकारी, आदिम जाति तथा अनुसूचित विकास विभाग द्वारा विभागीय योजनाएं, प्रधानमंत्री जनमन अंतर्गत दी जानी वाली सुविधाओं को प्रदर्शित किया गया। जल संसाधन विभाग द्वारा जल संरक्षण, मोर गांव-मोर पानी अभियान तथा लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं की झांकी, स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में आयुष्मान कार्ड, टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण अभियान, महिला स्व सहायता समूहों के उत्पादों का प्रदर्शन, जिला पंचायत विभाग द्वारा बिहान से जुड़े महिला समूहों की उपलब्धियों, प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान की जानकारी प्रदान की गई। समाज कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न पेंशन योजनाओं, नशा मुक्त भारत अभियान, दिव्यांग जनों के लिए चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दी गई। आदिवासी विकास विभाग द्वारा जनजातीय संस्कृति, शिक्षा व रोजगार आधारित योजनाओं की उपलब्धियाँ, लाइव डेमो के माध्यम से तकनीकी नवाचार एवं हितग्राहियों के सफल मॉडल भी प्रस्तुत किए गए, जनसंपर्क विभाग द्वारा जिले की विकास एवं उपलब्धियों का प्रदर्शन तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित पत्रिका का वितरण किया गया।इस दौरान सांसद श्रीमती चौधरी के हाथों राजस्व एवं श्रम विभाग द्वारा ग्रामीणों, महिलाओं एवं युवाओं को योजनाओं से जोड़ने हेतु ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण एवं प्रमाणपत्र वितरण किया गया। कृषि, मत्स्य, उद्यानिकी विभाग द्वारा हितग्राहियों को लाभार्थी किट, प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता प्रदान की गई। समाज कल्याण विभाग के स्टॉल में 6 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान किया गया। इसी तरह राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना अंतर्गत 20 हजार रुपए का चेक एवं निः शक्ति विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत दिव्यांगजन दंपति को एक लाख की राशि का चेक वितरण किया गया। जिला पंचायत विभाग के स्टॉल में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 5 लाभार्थियों को अभिनंदन पत्र एवं गृह प्रवेश की सांकेतिक चाबी सौंपी गई। 2 हितग्राहियों को स्वीकृत पत्र एवं सभी को बल्ब प्रदान किया गया। सांसद श्रीमती चौधरी ने हितग्राहियों से सीधे संवाद करते हुए योजनाओं के लाभ और आवश्यकताओं को जाना तथा नागरिकों को शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की।

# योग निद्रा से जागे भगवान विष्णु, घरों में हुई तुलसी पूजा

### बाजार रहा गुलजार, पूजन सामग्री और गन्ने की हुई खूब बिक्री

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** देवउठनी पर्व के साथ ही शुभ कार्य पुनः शुरू होंगे। इस बार नवंबर से मार्च तक विवाह के 18 मुहूर्त बताए जा रहा है। क्षेत्र में इस बार दो दिन यह पर्व मनाया गया। जिसके कारण बाजार में रौनक रही और फल-फूल व पूजन सामाग्री समेत गन्ने की खुब बिक्री हुई। प्रायः बेचने आए सभी विक्रेता इस बार ग्राहकी को लेकर उत्साहित रहे और कारोबार को ठीक बताया।



भगवान विष्णु देवशयनी एकादशी जो माह आषाढ़ में पड़ता से कार्तिक माह के देवउठनी एकादशी तक योगनिद्रा में रहते है जिसके कारण मांगलिक कार्य पर विराम लग जाता है। इस वजह से मांगलिक कार्यो के लिए लोग इस पर्व का बेसबरी से इंतजार करते है। पौराणिक प्रसंग के अनुसार इन दिन भगवान शालिग्राम जो पाषाण रूप में विराजमान होकर तुलसी पौधे के रूप में अवतरित देवी वृंदा से विवाह करते है इस प्रसंग के कारण घरों में गन्ने का मंडप सजाकर तुलसी और शालिग्राम का विवाह संपन्न कराते है। यह प्रायः सभी सनातनी घरों में संपन्न किया जाता है। अलग-अलग पंचागों के अनुसार दो दिन का योग बताने के कारण यह पर्व दो दिनों तक मनाया जा रहा है। स्थानीय पुरानी बस्ती कुर्मी पारा निवासी इंद्राकुमार चंद्राकर, देवेंद्र कुमार चंद्राकर ने अपने नूतन गृह प्रवेश के अवसर पर घर में तीन दिवसीय तुलसी माता एवं प्रभु शालिग्राम विवाह का आयोजन किया। जिसके अनुसार 1 नवंबर को तेलमाटी, चुलमाटी का कार्यक्रम संपन्न हुआ वही 2 नवंबर को एकादशी पर्व पर मंडपाच्छादन,हरिद्रालेपन के साथ ही ठाकुरजी का बारात निकालकर धूमधाम से स्वागत किया गया। इसके लिए उन्होंने अपने ईष्ट मित्रों और परिजनों को विवाह के तर्ज पर ही निमंत्रण पत्रिका भी भेजा था।

# मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण के लिए जिले में हेल्प डेस्क और आईटी डेस्क की स्थापना

### बसना तहसील में नरेश कुमार जगत पटवारी और मुकेश कुमार सहायक शिक्षक को जिम्मेदारी दी गई

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार लंगेह द्वारा मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला तथा तहसील एवं उप तहसील स्तर पर मतदाता हेल्प डेस्क एवं आईटी डेस्क की स्थापना की गई है तथा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इन डेस्कों के माध्यम से मतदाताओं को नाम जोड़ने, सुधार कराने, स्थानांतरण अथवा विलोपन जैसी प्रक्रियाओं में सहायता प्रदान की जाएगी।

जिला स्तर के हेल्प डेस्क में खेमराज साहू, नीरज कुमार साहू एवं आशिष साहू की ड्यूटी लगाई गई है। ये सभी जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य करेंगे। आईटी डेस्क में डेटा एंट्री ऑपरेटर अमित कुमार साहू और सहायक ग्रेड 3 कविश देवांगन की ड्यूटी लगाई गई है। तहसील स्तर पर हेल्प डेस्क के लिए नियुक्त कर्मचारियों में तहसील सरायपाली में रवि कुमार बेहरा, पटवारी एवं चुडामणी चौधरी सहायक शिक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। बसना तहसील में नरेश कुमार जगत पटवारी और मुकेश कुमार सहायक शिक्षक को जिम्मेदारी दी गई है। बागबाहरा तहसील में लुकेश कुमार यादव पटवारी और गिरजा राठिया सहायक वर्ग 3 की ड्यूटी लगाई गई है। पिथौरा तहसील में लक्ष्मी नारायण नायक पटवारी और केशव नंदन सहायक ग्रेड 3 को नियुक्त किया गया है। कोमाखान में पंकज तरक पटवारी तथा ईश्वर प्रकाश नर्मदा, सहायक वर्ग-3 की ड्यूटी लगाई गई है। महासमुंद तहसील में लक्ष्मण ध्रुव पटवारी और अनिता साहू डाटा एन्ट्री ऑपरेटर कार्यरत रहेंगे। इसी तरह उप तहसील तुमगांव में शिवकुमारी मार्कण्डे पटवारी तथा सुनिता शर्मा, सहायक वर्ग 2 को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पटेवा में तारेन पटेल पटवारी और सविता गेदाम नियुक्त हैं। वहीं झलप में वैभव साहू पटवारी एवं बंशी बांधे, सहायक वर्ग-3 को हेल्प डेस्क का कार्य सौंपा गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित कर्मचारियों को समयबद्ध एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए मूलभूत की राशि वितरित: अंकित

समवेत शिखर संवाददाता

**बागबाहरा।** कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने आज समस्त क्षेत्र वासियों को छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी, और बेमौसम बरसात के कारण किसानों की बढ़ रही समस्या को लेकर चिंता व्यक्त की। अंकित ने कहा कि भारी बारिश और दिवाली त्यौहार के समय पूरे प्रदेश में समस्त पंचायतों को ना ही मूलभूत की राशि दी गई थी और ना ही 15 वें वित्त की राशि दी गई थी, जिससे पंचायतों में साफ सफाई,नाली सफाई, देवालय सफाई, सड़क मरम्मत का कार्य हो पाता, परन्तु डबल इंजन की साय सरकार ने ग्राम के नए सरपंचों को बेबस कर दिया उन्हें अपने खर्च से सारी व्यवस्थाएं करनी पड़ रही है, ग्राम के सरपंचों ने बताया कि हम इस त्योहारों के समय न हैंडपंप, या जल-प्रणाली की मरम्मत करा पाए, ना ही सार्वजनिक शौचालयों का मरम्मत, और साफ-सफाई करवा पाए और तो और भारी बारिश की वजह से खराब हुई गाँव में आंतरिक सड़कों और नालियों का रखरखाव कर पाए,स्ट्रीट लाइट भी नहीं सुधरवा पाए । अब जब समस्त त्योहार हो चुके हैं तब जब एक नवंबर को राज्योत्सव हेतु देश के प्रधानमंत्री आ रहे है तब उनके कार्यक्रम में भीड़ बढ़ानी है तो ग्रामीणों को लाने सचिवों के माध्यम से 5 गाड़ी या 60 आदमी तक लाने मूलभूत के पैसे से दबाव बनाया जा रहा है । ऐसे लोकतंत्र पर दबावपूर्ण हमला करना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पंचायती राज को खत्म करने की जितनी निंदा की जाए कम है । अंकित ने समस्त सरपंचों से अपील की कि कोई भी दबाव में आ कर गांव के लिए संजीवनी राशि मूलभूत के पैसे को अन्यत्र खर्च मत करें और अगर ऐसा करने कोई मजबूर करता है तो कांग्रेस पार्टी आपकी लड़ाई लड़ने को खड़ी है।



# साइकिल वितरण में मिनी स्टेडियम की घोषणा

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनासिली में निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत सायकल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 27 बालिकाओं को साइकिल प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओम प्रकाश चौधरी पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जिला महासमुंद वरिष्ठ भाजपा नेता थे ।





सभाध्यक्ष श्रीमती उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे अध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा थे। विशेष अतिथि ब्रह्मानंद पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा, पुरुषोत्तम धृतलहरे जनपद सदस्य, श्रीमती पुन्नी विष्णु साहू जनपद सदस्य ,श्रीमती निर्मला जीत राम यादव सरपंच ग्राम पंचायत सोनासिल्ली,खेदू राम पटेल सरपंच ग्राम पंचायत कसहीबाहरा, रेवाराम पटेल अध्यक्ष कृषि सहकारी समिति सोनासिल्ली, चोपलाल चौधरी अध्यक्ष शाला प्रबंधन व विकास समिति सोनासिल्ली थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि श्री चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा निः शुल्क सरस्वती सायकिल कक्षा 9वीं की बालिकाओं को मिल रहा है।निः शुल्क साइकिल योजना बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रारंभ की गई महत्वपूर्ण योजना है । जिसके कारण बालिका शिक्षा दर आगे बढ़ा है। बालिका इस योजना का लाभ लेकर शिक्षा में अग्रणी है कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। मुख्य अतिथि श्री चौधरी ने सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी के सहमति से ग्रामीणों व शाला प्रबंधन समिति के मांग से शा. उमावि सोनासिल्ली में मिनी स्टेडियम बनाने की घोषणा की। इस घोषणा से ग्राम वासियो में हर्ष व्याप्त है। इसके लिए शाला प्रबंधन व विकास समिति के अध्यक्ष चोपलाल चौधरी सभी सदस्य गण, प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने सांसद श्रीमती चौधरी का आभार जताया। संचालन सोमकांत यादव शिक्षक ने किया व आभार प्रदर्शन संस्था के प्राचार्य ए के गुप्ता ने किया। इस अवसर पर ग्राम पटेल भारत दीवान, कोमल धृतलहरे, जामसिंह दीवान ,कन्हैया पटेल, निरंजन पटेल, समिति सदस्य घासीराम सोनी, त्रिलोकी नाथ पटेल, विष्णु साहू, दुलार यादव ,मूलचंद साहू, नारायण पटेल सरपंच कौहाकुड़ा,जीतराम यादव, उपसरपंच जितेंद्र ध्रुव, राजू जांगड़े, रामदयाल निषाद, डाकेश्वर यादव ,कन्हैया यादव, ऋषि कुमार सिंह चंदेल किशोर तिवारी, वाय एन नायक ,बीपी जोशी, सोमकांत यादव ,तुलसी ध्रुव, घनश्याम पटेल, पीयूष परोहा ,नरेंद्र बारले, श्रीमती सरिता ठाकुर ,श्रीमती गौरी नायक, श्रीमती भोजमती ठाकुर, श्रीमती कुसुम बाला रावल, कु गिरजा नेताम ,नीलकंठ यादव, श्रीमती नंदिनी पटेल, शत्रुघन साहू ,प्रकाश भोई आदि उपस्थित थे।

# मुरूम का क्षमता से अधिक मात्रा में परिवहन पर कार्रवाई, 4 हाइवा वाहन जब्त

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु खनिज विभाग द्वारा सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आज संयुक्त टीम द्वारा महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम मालीडीह में खनिज मुरूम का क्षमता से अधिक मात्रा में परिवहन करते पाए जाने पर चार हाइवा वाहनों जप्त किया गया। वाहन को जब्त कर सुरक्षार्थ तुमगांव थाना में रखा गया है।





खनिज अधिकारी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि उक्त वाहनों पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। पूर्व में भी खनिज पट्टेदारों एवं खनिज परिवहनकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज का उत्खनन, परिवहन या भंडारण करना कानूनन अपराध है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज विभाग का विशेष अभियान सतत जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# विकासखंड स्तरीय गणित एवं विज्ञान क्विज प्रतियोगिता हुई

### सभी सफल विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** बच्चों को गणित एवं विज्ञान विषयों में रुचि विकसित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत प्रारंभिक एवं माध्यमिक स्तर पर कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा विनय कुमार लंगेह से प्राप्त निर्देशानुसार एवं हेमंत कुमार नंदनवार के समन्वय से जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा के सहयोग से विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे, विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक समग्र शिक्षा अनिल सिंह साव, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लोकेश्वर सिंह कॅवर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को ध्यान रखते हुए बच्चों में अपेक्षित कौशल विकसित करने हेतु विकास खंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय हाई स्कूल बड़े टेमरी में शिक्षा विभाग व समग्र शिक्षा बसना द्वारा किया गया।



सर्वप्रथम सभी संकुलों से चयनित प्रारंभिक एवं माध्यमिक स्तर के छात्रों का पंजीयन संकुलवार दर्ज किया गया।

विकासखंड बसना के 30 संकुलों से 130 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिए। कार्यक्रम को तीन चरणों में विभक्त किया गया था। जिसमें प्रथम चरण लिखित परीक्षा, द्वितीय चरण मोबाइल के द्वारा गूगल प्रश्नोत्तरी एवं तृतीय राउंड केबीसी के तर्ज पर हॉट सीट में बैठकर किया गया। सर्वप्रथम प्रतियोगिता के प्रथम चरण लिखित परीक्षा का आयोजन हुआ क्रमशः दूसरे चरण में सभी छात्रों को मोबाइल के माध्यम से गूगल प्रश्नोत्तरी हुआ, तत्पश्चात बहुत ही रोचक केबीसी के तर्ज पर सभी प्रतिभागी छात्रों को कंप्यूटर के हॉट सीट पर बैठने हेतु संकुलवार बिठाया गया।इस ऑडियो वीडियो राउंड में तीन राउंड रखा गया था जिसमें पहले राउंड रैपिड फायर ज्ञान गंगा नाम से, दूसरा राउंड सही गलत ज्ञान अमृत नाम से-जिसमें तख्ती उठाकर उत्तर देना था, तीसरा राउंड बजर राउंड जो कि कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा था। तकनीकी शिक्षकों के द्वारा कबाड़ से जुगाड़ करके सभी प्रतिभागी छात्रों के टेबल पर बजर दबाने की व्यवस्था की गई थी। सभी राउंड में गणित, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गए।सभी विषयों में पृथक पृथक प्रतिभागी छात्र -छात्राएं भाग लिए थे। विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता के दौरान विशेष रूप से जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा महासमुन्द रेखराज शर्मा, एपीसी संपा बोस, ध्रुव उपस्थित हुए। उनके समक्ष प्रतियोगिता के तीनों राउंड के प्रतियोगिता संपन्न हुई।

जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा श्री शर्मा ने कार्यक्रम की खूब प्रशंसा करते हुए इस नवाचारी टीम बसना के अद्भुत संचालन व्यवस्था से प्रभावित होकर आगामी जिला स्तरीय कार्यक्रम में इसी प्रकार सफल संचालन की जिम्मेदारी मंच से सौंपते हुए राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि क्विज प्रतियोगिता एवं अन्य नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में गणित, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति जिज्ञासा और रचनात्मकता को बढ़ावा दिया जा सकता है। इस तरह के आयोजन से बच्चों में अवलोकन, प्रयोग, नवाचारी गतिविधियों जैसे अनेक गतिविधियों के माध्यम से विज्ञान और गणित की ओर बच्चों को आकर्षित किया जा सकता है। प्रतिभागी सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए आगे उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में हार-जीत जीवन का एक स्वाभाविक हिस्सा होता है। जीत से आत्मविश्वास बढ़ता है और कौशल सुदृढ़ होते हैं।

# प्रधानपाठक सुशील शर्मा ने सेवानिवृत्ति पर बच्चों को कराया न्योता भोज

### अतिथियों ने किया सुशील का सम्मान

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** स्थानीय स्टेशन पारा पूर्व माध्यमिक शाला में कार्यरत प्रधान पाठक सुशील शर्मा द्वारा अपने सेवानिवृत्ति के अवसर पर समस्त अध्ययनरत छात्र.छात्राओं को न्यौता भोज देते हुये सभी को स्वेटर देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में विधायक योगेश्वरराजू सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम में अध्यक्षता भारत स्काउट गाइड के जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने की ।



विशिष्ट अतिथि के रुप में बीज निगम अध्यक्ष चन्द्रहास चंद्राकर, किशोर न्याय बोर्ड अध्यक्ष संदीप दीवान, राजेश पांडेय विधानसभा रायपुर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, छग शिक्षक संघ के उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, सहायक संचालक नंद किशोर सिन्हा, क्रीड़ा अधिकारी सुश्री अंजली बरमाल, प्रदीप चंद्राकर, संदीप घोष, राजेन्द्र भारती चंद्राकर, कल्पना सूर्यवंशी सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी गण उपस्थित थे । श्री शर्मा के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुये विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि सुशील शर्मा एक कुशल शिक्षक के साथ साथ एक अच्छे खिलाड़ी, स्काउटर एवं मंच संचालक रहे हैं। आज उनके अधिवार्षिकी पूर्ण होने पर सम्मानित करते हुये गर्व महसूस कर रहे हैं । बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर एवं भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि सुशील शर्मा का व्यक्तित्व अनुकरणीय है। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास में सब कुछ समर्पित किया है। सभा को संदीप दीवान सभापति रेडक्रास सोसायटी, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, श्री शर्मा के गुरुदेव जीआर चंद्राकर ने संबोधित करते हुये कहा कि सुशील शर्मा भारतीय संस्कृति, शिक्षादर्शन के संवाहक रहे हैं उनके शिक्षा का लाभ समाज को मिलता रहेगा । इस अवसर पर विधायक सहित समस्त जन प्रतिनिधियों ने भगवा गमछा एवं शाल ओढाकर श्री शर्मा को सम्मानित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### छत्तीसगढ़ महतारी की महाआरती से गूंजा खरोरा

**खरोरा।** खरोरा में मनाई गई छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती –ब्यूरो प्रमुख निलेश गोयल ने की महाआरती, दिया एकता और भाईचारे का संदेश छत्तीसगढ़ राज्य की 25वीं रजत जयंती के अवसर पर खरोरा में धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विशेष मौके पर अग्रवाल समाज के निलेश गोयल ने छत्तीसगढ़ महतारी की महाआरती कर प्रदेशवासियों में एकता, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया। हाल ही में रायपुर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा खंडित किए जाने की घटना से लोगों में गहरा रोष था। इस पृष्ठभूमि में खरोरा में हुई महाआरती ने समाज में शांति और एकजुटता का प्रतीकात्मक संदेश दिया। अवसर में आयोजित बैठक के दौरान क्रांति सेना जिला अध्यक्ष अजय वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ महतारी के जीर्णोद्धार कार्य तेजी से प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए बड़ा बजट निर्धारित किया गया है और इसके सफल क्रियान्वयन हेतु सभी खरोरा वासियों से सहयोग की अपेक्षा की गई है, ताकि खरोरा में एक भव्य छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित की जा सके। जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि वे समाज के सभी वर्गों का सम्मान करते हैं और उन सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने महतारी की महाआरती में शामिल होकर छत्तीसगढ़ महतारी के मान-सम्मान को बढ़ाया है। कार्यक्रम में नगर उपाध्यक्ष सुमित सेन के साथ स्थानीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवाओं की उपस्थिति रही तथा सभी ने मिलकर छत्तीसगढ़ी अस्मिता और संस्कृति के इस प्रतीक कार्य को सफल बनाने का संकल्प लिया सभी ने मिलकर प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और गौरव को नमन किया।

### गौरी-गौरा विसर्जन के दौरान उत्पात मचाने वाले 22 लोगों के विरूद्ध पुलिस ने कार्रवाई की

**भाटापारा।** शनिवार रात गौरी - गौरा विसर्जन के दौरान माता देवालय तालाब के पास हुए उपद्रव जिसमें चाकू तलवार बाजी व पत्थर बाजी की घटना भी थी उक्त घटना पर पुलिस ने पीड़ित पक्ष के हीरालाल यदु की रिपोर्ट पर 22 लोगो के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध करते हुए उक्त घटना में संलिप्त 22 लोगो में से 11 लोगो को पकड़ लिया है शेष 11 लोगो की सरगर्मी से तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है उपरोक्त गौरी - गौरा विसर्जन के दौरान दो गुटो के बीच जबरदस्त रूप से मारपीट , गाली - गलौच सहित छोटे - छोटे चाकू नूमा हथियार का प्रयोग हुआ था । जिसमें अनेक लोग घायल हुए थे घायल व घटना में गहरी चोट लगने वालों क ा उपचार अस्पताल में जारी है जिसमें से अनेक लोगो क ा सीटी स्कैन एवं एक्स रे भी कराये जाने की प्रक्रिया जारी है उक्त घटना में शामिल आरोपी अनिल मिश्रा , नितिन ध्रुंव , विक्रम यादव , मिथलेश निषाद सहित कुल 22 लोगो के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(2) 109,296 के तहत कार्यवाही पुलिस ने की है ।

### हेल्पिंग हैंड स्कूल के सामने से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से बड़ा खतरा

**खरोरा।** खरोरा क्षेत्र के हेल्पिंग हैंड स्कूल, नायकपारा के सामने से गुजर रही 33 केवी की हाईटेंशन विद्युत लाइन से छात्रों और आम नागरिकों की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। इस मामले में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) ने थाना खरसोरा को पत्र लिखकर स्थिति स्पष्ट की है। पत्र क्रमांक 1147 दिनांक 30.10.2025 के अनुसार, 14 अक्टूबर 2025 को दोपहर 11¬40 बजे स्कूल के समीप 33 केवी बिजली लाइन के कारण एक हादसे की आशंका को लेकर शिकायत की गई थी।

# जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने शासन को चेताया मांगें नहीं मानी तो अनिश्चितकालीन आंदोलन

### ठप पड़ जाएगी धान खरीदी, आंदोलन की रूपरेखा तय, शासन को भेजा अंतिम अल्टीमेटम

अशोक दीक्षित



**छुरा।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी की तैयारियों के बीच अब एक नया संकट सिर उठाने लगा है। किसान तो पहले से समर्थन मूल्य, परिवहन में देरी और भुगतान में उलझे हैं, लेकिन अब सहकारी समितियों के कर्मचारी भी सरकार के खिलाफ मैदान में उतर आए हैं। गरियाबंद जिले की जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने ऐलान किया है कि यदि चार सूत्रीय लंबित मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो इस वर्ष धान खरीदी का बहिष्कार करते हुए अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

संघ के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार यादव (बारूला) ने बताया कि यह आंदोलन छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर एवं समर्थन मूल्य धान खरीदी ऑपरेटर संघ के संयुक्त आह्वान पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रांतीय स्तर पर पहले ही शासन को 15 अक्टूबर को पत्र भेजा जा चुका है, जिसमें स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि अगर कैबिनेट की बैठक में चार सूत्रीय मांगों पर मुहर नहीं लगी, तो 12 नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी बहिष्कार आंदोलन शुरू होगा। आंदोलन की चार चरणों की रूपरेखा भी तय कर दी गई है : 24 अक्टूबर को जिला मुख्यालय गरियाबंद में विशाल ज्ञापन रैली हुई, जिसमें विभिन्न मंत्रीयों के नाम का ज्ञापन जिलाधीश को सौंपा गया।

**28 अक्टूबर को रायपुर में एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय महाहुंकार ज्ञापन रैली :** विभिन्न मंत्रियों को ज्ञापन सौंपकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। 3 नवंबर से 11 नवंबर तक संभागीय स्तर पर अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन चलेगा। 12 नवंबर से यदि मांगे पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को राज्यव्यापी धान खरीदी बहिष्कार के रूप में रूपांतरित किया जाएगा।

**धान नहीं खरीदा जाएगा-कर्मचारियों की चेतावनी :** संघ के सचिव अमृत लाल साहू (राजिम) और कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार चंद्राकर (बासीन) ने कहा कि अगर शासन ने गंभीरता नहीं दिखाई, तो इस बार धान खरीदी की शुरुआत ही नहीं होगी। अमृत लाल साहू ने कहा कि हम समितियों में किसानों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन जब खुद कर्मचारियों को महीनों तक वेतन नहीं मिलता, तो यह अन्याय नहीं तो और क्या है।

**क्या कहती है पृष्ठभूमि :** दरअसल, छत्तीसगढ़ की लगभग 2058 सहकारी समितियाँ और 2739 धान उपार्जन केंद्र प्रतिवर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की रीढ़ हैं। इन समितियों के माध्यम से न केवल किसानों से धान खरीदा जाता है, बल्कि उसके परिवहन, भंडारण और भुगतान तक की प्रक्रिया यहीं से होती है।

गरियाबंद के एक ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र यादव का कहना है कि मार्कफेड द्वारा समय पर भुगतान नहीं होने, परिवहन में विलंब और 'सूखत राशि' की कटौती के कारण कर्मचारियों का महीनों तक वेतन रुक जाता है।हमसे काम तो सरकार करवाती है, लेकिन मेहनताना समय पर नहीं देती। यह कैसा न्याय है।

**पिछले वर्ष भी उठा था सवाल, पर वादा अधूरा रह गया :** पिछले साल नवंबर 2024 में जब इसी तरह की असंतोष की स्थिति बनी थी, तब मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक कोर कमेटी बैठक हुई थी।

#### ये हैं कर्मचारियों की मांगें

**(1) खाद्य विभाग से जुड़ी दो प्रमुख मांगे :** धान खरीदी वर्ष 2023-24 और 2024-25 में खरीदी के बाद जो 'सूखत' (सूखने के कारण वजन में कमी) हुई है, उसकी पूरी राशि समितियों को भुगतान की जाए। धान खरीदी नीति 2024-25 की धारा 11.3.3 में आउटसोर्सिंग से ऑपरेटर नियुक्ति को रद्द करते हुए संविदा कर्मियों को नियमित किया जाए।

**(2) सहकारिता विभाग से जुड़ी दो मांगें :** प्रदेश की 2058 सहकारी समितियों को प्रति वर्ष ?3-3 लाख प्रबंधकीय अनुदान मिले ताकि कर्मचारियों को नियमित वेतनमान दिया जा सके। जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ रिपोर्ट के आधार पर 2018 के सेवा नियमों में संशोधन करते हुए भविष्य निधि, महंगाई भत्ता, ईएसआईसी सुविधा दी जाए तथा लंबे समय से सेवा दे रहे दैनिक व संविदा कर्मचारियों को भर्ती में प्राथमिकता और बोनस अंक दिए जाएं।

# शिवरतन शर्मा ने पीएम नरेंद्र मोदी का आत्मीय स्वागत किया



समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** नवा रायपुर में आयोजित राज्योंत्सव कार्यक्रम में शामिल होने आयें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने आत्मीय स्वागत किया। उक्त अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाजपा के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी ने ही छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया था और आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ का विकसित स्वरूप नजर आ रहा है शिवरतन शर्मा ने आधुनिक भारत के शिल्पकार, करोड़ों कार्यकताओं के प्रेरणास्त्रोत नरेन्द्र मोदी को बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य उन्नति की ओर आगे बढ रहा है इसका पुरा श्रेय संपूर्ण रूप से नरेन्द्र मोदी को जाता है। उक्त अवसर पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दोनों उपमुख्यमंत्री अरूण साव व विजय शर्मा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, मंत्रीगण और सांसद उपस्थित थे। प्रधानमंत्री मोदी सत्य साई संजीवनी अस्पताल पहुँचे, जहां वे हृदय रोग से उबरे करीब 2,500 बच्चों से संवाद किया ।

अपने प्रवास के दौरान पीएम लगभग 6 घंटे 45 मिनट शहर में रहें। उक्त अवसर पर उन्होनें समय निकालकर छत्तीसगढ़ की लोक कला की पहचान पद्म विभूषण तीजन बाई और सुप्रसिद्ध साहित्यकार पद्म भूषण विनोद कुमार शुक्ल का हालचाल भी जाना।

# परिक्षेत्र साहू संघ पिपरौद का चुनाव हुआ

समवेत शिखर संवाददाता



**नवापारा राजिम।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार तहसील साहू संघ अभनपुर अंतर्गत परिक्षेत्र साहू संघ पिपरौद का चुनाव सम्पन्न हुआ। इस परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 13 गांवों से प्रत्येक गांव के 5-5 प्रमुख पदाधिकारी मतदान में शामिल हुए। लगभग 70 ग्रामीण पदाधिकारियों ने मतदान कर लोकतंत्र की परंपरा को सशक्त किया।

अध्यक्ष पद के लिए ग्राम छांटा निवासी पारसमनी साहू एवं पिपरौद निवासी उमराव साहू आमने-सामने थे। मतदान परिणाम में पारसमनी साहू ने 41 वोट हासिल कर अध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त की। उनके प्रतिद्वंदी उमराव साहू को 25 वोट मिले। अन्य पदों पर भी चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें हेमंत साहू उपाध्यक्ष, भूमिका साहू महिला उपाध्यक्ष, शिव कुमार साहू संगठन सचिव और श्रीमती भोज बाई महिला संगठन सचिव निर्वाचित हुए। उक्त निर्वाचन को सामाजिक पदाधिकारी ने निर्वाचन अधिकारी के रूप में सम्पन्न कराया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भेख राम साहू, कार्यकारी अध्यक्ष मनीष साहू, जिला महामंत्री तोषण साहू, तहसील साहू संघ अध्यक्ष ब्रह्मानंद साहू सहित 13 गांव के साहू समाज के लोग उपस्थित थे चुनाव परिणाम आने के बाद समाज के वरिष्ठजनों और समाजसेवियों ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि नए प्रतिनिधि समाज की प्रगति और संगठन को नई दिशा देंगे।

# शुभ मुहूर्त में संपन्न हुआ तुलसी विवाह, उमड़ी आस्था

समवेत शिखर संवाददाताा



**कुरूद।** एकादशी के अवसर पर घरों में शुभ मुहूर्त में माता तुलसी और भगवान शालिगराम की पूजा अर्चना कर बहुत ही उल्लास के साथ देवउठनी एकादशी पर्व मनाया गया।इस दौरान आस्था और भक्ति चरम पर रही। घरों में तुलसी चौरा के पास गन्ने मंडप सजाया गया और विधिवत रूप से यह पर्व मनाया गया।

शनिवार को कुरूद नगर में बहुत ही धूमधाम के साथ देवउठनी एकादशी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर आमजनो में अपने घर के तुलसी चौरा में गन्ने का मंडप सजाकर, मनभावन रंगोली से उसे महकाकर , पारंपरिक प्रसादी और सोलह से सुसज्जित करके माता तुलसी और भगवान शालिग राम का विवाह सम्पन्न किया। इस दौरान आस्था और भक्ति चरम पर रही।लोगों ने इस अवसर पर पूरे उल्लास के साथ माता तुलसी के जयकारे लगाकर परिवार के कल्याण और खुशहाली की कामना की।इसके उपरांत रंग बिरंगे फटाखे फोड़ते हुए पर्व की रौनकता में चार चांद लगा दिया।जगमग दिए और आकर्षक लाइट डेकोरेशन पर्व की शोभा को महकाने लगी।

माना जाता है कि आषाढ़ मास की देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु चार महीने के लिए योगनिद्रा में चले जाते हैं। देवउठनी एकादशी के दिन वे अपनी निद्रा से जागते हैं, और सृष्टि का कार्यभार फिर से संभालते हैं।भगवान विष्णु के जागने के साथ ही चातुर्मास समाप्त हो जाता है। इस दिन से विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन और अन्य सभी प्रकार के शुभ व मांगलिक कार्य बिना मुहूर्त देखे फिर से शुरू हो जाते हैं।देवउठनी एकादशी पर भगवान शालिग्राम (भगवान विष्णु का एक रूप) के साथ तुलसी माता का विवाह कराया जाता है।

# भाटापारा शहर में छोटे नोट की भारी कमी से लेनदेन में अड़चन

समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** नगर में एक बार फिर दस बीस व पाँच रूपये के नोटों की भारी किल्लत शुरू हो गई है कुछ अर्से पूर्व शहर से 50 वर्ष पुरानी स्टेट बैंक की शाखा में स्थापित चेस्ट को अन्यत्र हटाये जाने के कारण नगरवासी नये नोट सहित खुदरा नोट के लिए भटक रहे हैं।

दीपावली जैसे मुख्य त्यौहार में भी शहर में नयें नोट का वितरण किसी भी बैंकों द्वारा नही किया गया जिससे लोग नाराज व मायूस है जबकि इसके पूर्व भाटापारा में चेस्ट सुविधा होने से लोगो को बात - बात में नये नोट मिल जाते थे खासकर दीपावली पूजन व शादि विवाह के समारोह में लोग नयें नोट की आशा करते है लेकिन अब किसी भी समय भाटापारा में नयें नोट के उपलब्धता नहीं होने से खुले बाजार में भी इसका असर दिखने लगा है। पांच, दस , बीस रूपयें के नोट की कमी के कारण लोगों को लेनदेन में परेशानी से दो- चार होना पड़ रहा है। सब्जी बाजार , किराना व्यवसाय में अनेक चिल्हर नोट के कमी के कारण लोगो को न चाहते हुए भी हिसाब किताब पुरा करने के लिए जबरन कुछ भी अन्य सामान लेना पड़ रहा है जिसमें मिर्ची धनिया , अदरक या फिर किराना दुकान में चॉकलेट , टॉफी , माचिस , शैम्पु पाउच जैसे अन्य सामानों में सामंजस्य बिठाकर बड़े नोटो क ा भुगतान को बराबर किया जा रहा है। चिल्हर नोटों की कमी के कारण सर्वाधिक परेशानी रेल व बस में सफर करने वाले यात्रियों को उठाना पड़ रहा है इस चक्कर में अनेक बार ज्यादा पैसा अपने किरायें का देना पड़ रहा है । ट्रेन आ जाने के समय टिकट लेने पहुंचे रेल यात्रियों को टिकट लेने से लेकर टेंªन में चढने के बीच इतनी हड़बड़ी रहती है कि वे चिल्हर खोजने के बजाये अधिक किराये का भुगतान कर टिकट लेकर टेंªन में सफर करने मजबुर हो रहे है वही यात्री बसों में भी चिल्हर नोट के अभाव में यात्रियों को मजबुरी में कंडक्टरों के पास ज्यादा पैसा छोड़ना पड़ रहा है । इस विषम परिस्थिति के क ारण लोग दर - दर की ठोकर खाने मजबुर है वही चिल्हर नोट की कमी से छोटे दुकानदार विभिन्न होटल चाय दुकान , सब्जी फल विक्रेता, सेलून संचालक व सायकल एवं मोटरसायकल में हवा डालने व पंचर बनाने वाले भी त्रस्त है जिन्हें खुदरा नोट के अभाव में दर-दर इस दुकान से उस दुकान गिड़गिड़ाना पड़ रहा है कि भईया मुझें चिल्हर देदो इस प्रकार की स्थिति से विभिन्न मेडिकल व जनरल स्टोर वाले भी जुझ रहे है जहा ग्राहको को न चाहते हुए भी विक्स की गोली व झंडु बाम का छोटा पैक थमाकर रूपयों को एडजस्ट किया जा रहा है। कुल मिलाकर शहर व क्षेत्र में छोटे नोटों की भारी किल्लत से आम जनता के साथ - साथ छोटे बडें दुकानदार परेशान है जनहित में भाटापारा शहर में सभी छोटे बड़े दुकानदारों को घुम घुमकर पाँच , दस व बीस रूपयें के नोट का वितरण करना चाहिए , अभी केवल बड़े उद्योगपति व व्यापारियों को कभी कभार चिल्हर नोट गोपनीय रूप से दे दिया जाता है जिसे वे अपनी तिजोरी में कैद कर रख देते है। फलस्वरूप आम लोगो तक चिल्हर नोट नहीं पहुंच पा रहा है।

# पुलिस ने स्कूल में जागरूकता व मार्गदर्शन साइबर सुरक्षा कार्यक्रम का किया आयोजन

### अनुशासन व अभिव्यक्ति एप की जानकारी से विद्यार्थी हुए जागरूक

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद।** जिले के ग्राम मालगांव स्थित शासकीय हाईस्कूल में आज एक विशेष जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गरियाबंद सिटी कोतवाली प्रभारी ओमप्रकाश यादव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर जागरूकता, कैरियर मार्गदर्शन, अनुशासन, समर्पण, त्याग, लक्ष्य निर्धारण, गुरुजनों के प्रति आदर और यातायात नियमों के पालन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने भाग लिया।

सिटी कोतवाली प्रभारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल युग में युवाओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती साइबर अपराधों से खुद को सुरक्षित रखना है। उन्होंने छात्रों को फर्जी लिंक, ओटीपी शेयरिंग, और ऑनलाइन ठगी से सावधान रहने की सलाह दी।श्री यादव ने कहा कि ÷आज के विद्यार्थी देश का भविष्य हैं। यदि आप अनुशासित रहेंगे, अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहेंगे और माता-पिता व गुरुजनों का आदर करेंगे, तो जीवन में कोई भी मंज़िल कठिन नहीं रहेगी। समाज और राष्ट्र के विकास में युवा वर्ग की सकारात्मक भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग सोच-समझकर करें। वहां आपकी एक छोटी-सी गलती भी बड़ी परेशानी खड़ी कर सकती है। व्यक्तिगत जानकारी किसी अनजान व्यक्ति या वेबसाइट पर साझा न करें।÷कार्यक्रम में उन्होंने 'अभिव्यक्ति एप' के बारे में भी विद्यार्थियों को बताया, जिसके माध्यम से आमजन सीधे पुलिस प्रशासन से अपनी समस्याएं साझा कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया और कहा कि सड़क पर हेलमेट और सीट बेल्ट जीवन की ढाल हैं, इन्हें आदत बनाएं। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ने ओमप्रकाश यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र विकास में अहम भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम का संचालन शिक्षकगणों द्वारा किया गया तथा अंत में विद्यार्थियों ने भी सवाल-जवाब सत्र में सक्रिय भागीदारी दिखाई।

# बेलर में खाटू श्याम जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया

### छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस व तुलसी विवाह की रही धूम

समवेत शिखर संवाददाता



**फिंगेश्वर।** कलयुग के अवतारी,तीन बाणधारी बाबा खाटू श्याम जी का जन्मोत्सव ग्राम बेलर मे नर्मदेश्वर सेवा समिति के श्याम भक्त युवाओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.टायल राम साहू जनपद सदस्य फिंगेश्वर, सरपंच प्रतिनिधि लेखराम रात्रे व प्रवीण साहू जिलाध्यक्ष प्र.पं.सचिव संघ गरियाबंद रहे, वही अध्यक्षता नर्मदेश्वर सेवा समिति के अध्यक्ष रुपसिंह ध्रुव ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ 221 दीयों से सुसज्जित श्री खाटू श्याम वर्णित दीपको के प्रज्वलन से हुआ।

सभी अतिथियों के स्वागत के पश्चात खाटू श्याम जी के तैलिय चित्र पर माल्यार्पण कर व धुप बत्ती के साथ विधिवत पूजा अर्चना की गई। छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस व देवउठनी का पर्व भी उक्त कार्यक्रम के सह-आयोजन रहे, छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र व तुलसी माता का वंदन किया गया। खाटू श्याम जी, छत्तीसगढ़ महतारी, तुलसी माता के साथ -साथ नर्मदेश्वर महादेव की महाआरती मे श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में शिरकत की, सुबह से ही सम्पूर्ण प्रांगण मे बाबा श्याम के भजन गूंजते रहे। ग्राम व क्षेत्रवासियों के साथ ही राहगीर श्रद्धालुओं ने भी स्थानीय व्यंजनों से परिपूरित महाप्रसादी का स्वाद चखा।

इसके पूर्व हुई भव्य आतिशबाजी ने कार्यक्रम मे चार चाँद लगा दिये। जनपद सदस्य डॉ. टायल राम साहू ने अपने उदबोधन मे खाटू श्याम जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री खाटू जी कलयुग मे भगवान श्री कृष्ण के ही अवतार है,उन्होंने उक्त कार्यक्रम को सामाजिक एकता, संबलता व सांस्कृतिक सुचिता का परिचायक बताया, सभा को सम्बोधित करते हुए प्रवीण साहू ने कहा कि वर्तमान के खाटू श्याम जी मध्यकालीन महाभारत के वीर,साहसी योद्धा भीम के पौत्र बर्बरिक थे, जिनके अपने शीश के दान से प्रसन्न होकर भगवान कृष्ण ने उन्हें कलयुग मे 'श्याम' के नाम से पूजे जाने का वरदान दिया।

खाटू श्याम जन्मोत्सव, छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस,देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह की शुभकामनायें सम्पूर्ण क्षेत्रवासियो को प्रेषित करते हुए उन्होंने कहा कि आज के दिन से ही विवाह,उपनयन, मंगल कार्य प्रारम्भ हो जाते है, सरपंच प्रतिनिधि लेखराम रात्रे ने उक्त भव्य आयोजन की उत्कठ कंठ से सराहना की। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सौरभ साहू व शिवम सिन्हा ने की।

कार्यक्रम मे बाला राम ध्रुव, चंद्रप्रकाश सिन्हा, शेखर साहू, तुला राम साहू , राकेश साहू, घनश्याम ध्रुव, ओमप्रकाश यादव, सौरभ साहू , सजेश साहू, होमेश साहू, शुभम सिन्हा, शिवम् सिन्हा, सत्यम गुप्ता, वेदप्रकाश साहू, खेमचंद साहू,पोषण साहू, दीपक साहू, रेखराज साहू, विवेक साहू, कुणाल साहू, राजन साहू,ललित साहू, विकास, कुलदीप, कैलाश, तारणदास, दादू साहू, कुमार ध्रुव, नमन, नारायण, गैंदराम, धनेश्वर, फत्तेराम, चतुर साहू, कामता, गजेंद्र तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु व मातृ शक्तियां उपस्थित रहे।

# मातर उत्सव में संस्कृति की झलक देखने पहुंचे अश्वनी शर्मा



समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** निकटवर्ती गांव खोखली में मातर उत्सव के आयोजित कार्यक्रम में भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा पहुंचे इस दौरान उन्होंने यादव समाज के आयोजको को बधाई देते हुए कहा कि भगवान कृष्ण की असिम अनुकंपा आप सब के ऊपर कायम रहे व सभी सुख - शांति व समृद्धि के साथ अपने व अपने गांव का विकास करे कार्यक्रम में राजु यादव , राजकुमार यादव , बंसी यादव , विजय यादव , ईश्वर यादव , गोखुराम यादव , भुलाराम यादव , दुखुराम यादव , आशीष चर्तुवेदानी, पुरूषोत्तम ध्रुव सहित बड़ी संख्या में मातर में शामिल होने आये राउत नाचा दल के लोग के अलावा बड़ी तादाद में ग्रामवासी शामिल हुए।

# दीपावली, देवउठनी एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं.


**प्रियंका ज्वेलर्स**

देवउठनी एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकानाएं...

शुध्द सोने चांदी के फैंसी आभूषणों के विक्रेता

सदर रोड नवापारा राजिम, छुरा, मो. 9425290215

**श्री बालाजी हार्डवेयर व ब्रिक्स छुरा के तरफ से**

देवउठनी एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकानाएं...

हमारे यहां ब्रिक्स, चेकर टाईल्स, बजरी गिट्टी सीमेंट, छड़, पेंट उपलब्ध है...

पता - आमापारा, शिवचौक, छुरा

विनीत - भोलेशंकर जायसवाल

**चंदू पपलू नमकीन के तरफ से**

देवउठनी एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं...

पता-राजापारा सुन्दर चौक, छुरा

विनीत - विजय नागदेव

अजय नागदेव

देवउठनी एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं...

**साहू कृषि केन्द्र**

कीटनाशक दवाइयों, उन्नत किस्म के बीज के विक्रेता

सरकारी हॉस्पिटल के सामने छुरा : 9993244570

देवउठनी एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं...

**दीपक ट्रेडर्स**

छड़, सीमेंट, गिट्टी के विक्रेता एवं सप्लायर गढ़ियापारा, तिलईदादर रोड-छुरा

प्रो. रविशंकर देवांगन

**रवि इंटरप्राईजेस सेल्स & सर्विस**

सभी प्रकार के कृषि पंप के अधिकृत विक्रेता

स्वर्ण जयंती चौक, छुरा

छत्तीसगढ़ हॉस्पिटल छुरा के तरफ से समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली, देवउठनी एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं..

5,6,7 बोर खनन किया जाता है एवं इनवेल गाड़ी भी उपलब्ध है।

कृषि विभाग से मान्यता प्राप्त संस्थान

मो. 9752028097, 9406029282

देवउठनी एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं...

**अजमेरी ट्रेडर्स**

कोमाखान रोड छुरा

प्रो. ईलयाश मेमन

देवउठनी एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं...

**साँई पैथोलॉजी लैब**

गरियाबंद रोड - छुरा

हमारे यहां खून, पेशाब, बलगम बीर्य, सवर्धि जांच किया जाता है

प्रो. जगदीश सिन्हा, मो. 9893893155

**श्री संकल्प छत्तीसगढ़ मिशन हॉस्पिटल**

हल्दी रोड छुरा

अब रायपुर जाने की आवश्यकता नहीं

डॉ. धीरज साहनी (MBBS, MD Medicine) (मेडिसीन रोग विशेषज्ञ) द्वारा प्रतिदिन दोप. 12 बजे से शाम 5 बजे तक आपकी सेवा में तत्पर

सभी प्रकार की जांच में 50% की छूट

हमारी उपलब्ध सुविधाएं...

- आई सी यू, वेंटिलेटर एवं बड़े से बड़े ऑपरेशन की सुविधा।
- पुराना से पुराना शुगर का बीमारी का ईलाज
- पुराना से पुराना हार्ट एवं बीपी का ईलाज
- पुराना से पुराना दाद, खुजली का ईलाज
- किडनी से संबंधित मरीजों का ईलाज
- श्वास, दमा, सीना मे दर्द का ईलाज
- सिकलीन मरीज जिसका खुन नही बन रहा हो
- पुराना से पुराना जोड़ो का दर्द कमर दर्द
- पेट संबंधित सभी प्रकार की बीमारी पेट में दर्द
- गैस ज्यादा बनाना, पेट मे जलन, पेशाब में जलन
- पुराना से पुराना खांसी का ईलाज
- पुराना से पुराना सर दर्द का ईलाज
- थायराइड, HbA1c, D3, Vitamin B12 की जांच

संपर्क सूत्र 7725823010

डॉ. धीरज साहनी (MBBS, MD Medicine) मेडिसीन रोग विशेषज्ञ

**दीवावली, देवउठनी एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं...**

**पार्षदगणों की ओर से ग्रामवासियों को गाड़ा-गाड़ा बधाई..**

शमीम खान, उपाध्यक्ष न.पं. छुरा

टेकचंद देवांगन, पार्षद न.पं. छुरा

रामजी दीवान, पार्षद न.पं. छुरा

देवसिंग नेताम, पार्षद न.पं. छुरा

पंचराम टण्डन, पार्षद न.पं. छुरा

यामिन खान, पार्षद न.पं. छुरा

हरीश यादव, नेता प्रतिपक्ष न.पं. छुरा

दीप्ति यादव, पार्षद न.पं. छुरा

प्रो. विजय सोनी

**बालाजी ज्वेलर्स**

सोना एवं चांदी के आभूषणों में शुद्धता की गारंटी


**समाचार एवं विज्ञापन हेतु संपर्क करें - संवाददाता एवं प्रेस क्लब संरक्षक अशोक दीक्षित मो. 9644123002 नगर पंचायत छुरा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2023-25 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com